

पेज -4 पर

समग्र शिक्षा अभियान अंतर्गत बच्चों का कराया गया शैक्षणिक भ्रमण, बच्चों ने दिखाई विशेष रुचि

नई सोच, नया आयाम

RNI No. CHHHIN/2009/35020

# जोहार छत्तीसगढ़

दैनिक हिन्दी

◆ वर्ष: -16 ◆ अंक: 121 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्य: 3 ₹ ◆ पृष्ठ : 8

धरमजयगढ़, सोमवार 4 मार्च 2024


पेज -8 पर

कुंभकार समाज आधुनिक युग से जुड़कर विकास की ओर अग्रसर हो रहा -योगेश तिवारी

JOHAR CHHATTISGARH epaper for login www.joharchhattisgarh.in


## छत्तीसगढ़ में पकड़ी गई गांजे की अब तक की सबसे बड़ी खेप, पुलिस ने ट्रक से बरामद किया 8.62 करोड़ का गांजा

**पिथौरा।** छत्तीसगढ़ के महासमुंद जिले में पुलिस को नशे के खिलाफ बड़ी कामयाबी हाथ लगी है. जहां पुलिस ने एक ट्रक से 1725 किलोग्राम गांजा बरामद किया है. जिसकी कीमत 8.62 करोड़ रूपये आंकी गई है. छत्तीसगढ़ में यह ऐसा पहला मामला है जब पुलिस ने एक साथ इतनी बड़ी मात्रा में गांजा बरामद किया है. गांजे की तस्करी कर रहे 2 अंतरराज्यीय तस्करों को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया है. दोनों आरोपी गांजे की इस खेप को उड़ीसा से तस्करी कर छत्तीसगढ़ के रास्ते महाराष्ट्र लेकर जा रहे थे।



जानकारी के मुताबिक, आज सुबह पुलिस को मुखबिर से ओडिशा के रास्ते भारी मात्रा में गांजे की तस्करी की सूचना मिली थी. जिसके बाद पुलिस ने महासमुंद जिले के उड़ीसा से लगे सरहदी थाना सिंघोड़ा के नाका रेहटिखोल में नाकाबंदी कर चेकिंग शुरू की. इस दौरान ट्रक क्रमांक MH 21 BH 5855 को पुलिस ने रोका जिसमे दो व्यक्ति सवार थे. पुलिस ने जब गाड़ी में लोड सामान के बारे में उनसे पुछा तो दोनों गोलमोल जवाब देकर पुलिस को गुमराह करने की कोशिश करने लगे. जिसके बाद पुलिस ने कड़ाई से पूछताछ की तो दोनों ने ट्रक में खाली कैरेट के नीचे गांजा तस्करी

### दो अंतरराज्यीय तस्कर गिरफ्तार

कर मध्यप्रदेश लेकर जाने की बात कबूल की. पुलिसकर्मियों ने जब ट्रक की तलाशी ली तो उनके होश उड़ गए. ट्रक में 50 प्लास्टिक की बोरियों के भीतर 862 पैकेट गांजा रखा हुआ था. पुलिस द्वारा तौल करने पर इसका वजन 1725 किलोग्राम प्राप्त हुआ, जिसकी अनुमानित कीमत 8 करोड़ 62 लाख 50 हजार रूपये बताई जा रही है. पुलिस ने गांजे की इस खेप की तस्करी करने वाले दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिनकी पहचान अविनाश म्हस्के (उम्र 27 साल) पिता ज्ञानेश्वर म्हस्के और संतोष पवार (उम्र 32 साल) पिता भीमराव पवार के रूप में की गई है. जो की महराष्ट्र के जिला जालना के रहने वाले है. बहरहाल सिंघोडा पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के प्रावधानो के तहत विधिवत कार्रवाई करते हुए उन्हें जेल भेज दिया है.

## संक्षिप्त समाचार

### धारदार हथियार से वार कर पहले पत्नी को उतारा मौत के घाट, फिर पति ने कर ली खुदकुशी




**रायपुर।** राजधानी रायपुर से बड़ी खबर सामने आ रही है। यहां एक शख्स ने अपनी पत्नी को मारकर फिर फांसी के फंदे पर लटककर खुदकुशी ली। इस घटना के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है। घटना की मिलते ही स्थानीय थाना की पुलिस मौके पर पहुंच गई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन कर रही है। दरअसल, यह घटना कबीर नगर इलाके के सोन डोगरी की है। जानकारी के अनुसार एक फल वाले ने अपनी बीवी की हत्या कर दी। इसके बाद खुद फांसी के फंदे पर लटकर जान दे दी ।यह घटना रात की बताई जा रही है, लेकिन घरवालों का सुबह इस दर्दनाक घटना के बारे में पता चला। प्राथमिक जांच के अनुसार पति अपनी पत्नी के चरित्र पर संदेह करता था। इसलिए पति ने पत्नी की हत्या कर दी।

सियासी पिच पर 'बीजेपी की संतुलित टीम'

### लोकसभा की 11 सीट पर अनुभवी, दिग्गज और नए लोगों को मिला मौका, डिप्टी सीएम साव बोले- कांग्रेस अपनी चिंता करे



**रायपुर.** छत्तीसगढ़ की सियासत में बीजेपी के 11 लोकसभा उम्मीदवारों के नामों के ऐलान के बाद चुनावी पारा अब बढ़ गया है. इन सबके बीच बीजेपी प्रत्याशियों की घोषणा पर डिप्टी सीएम अरुण साव का बड़ा बयान सामने आया है. अरुण साव ने कहा, भाजपा ने सभी 11 लोकसभा सीटों का ऐलान कर दिया है. पार्टी ने एक संतुलित टीम उतारी है. अनुभवी, दिग्गज और नए लोगों को मौक़ा मिला है. प्रत्याशियों की घोषणा के बाद जिस प्रकार से रिस्पांस आया है,उससे साफ है कि हम 11 लोकसभा सीट जीत रहे हैं. इतना ही नहीं कई सांसदों के टिकट काटने को लेकर भी अरुण साव ने कहा, पार्टी हर एक कार्यकर्ता के बारे में विचार करती है. समय-समय कर अलग अलग जिम्मेदारी दी जाती है. इसी आधार 11 प्रत्याशियों को मौका मिला है. नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बने यह छत्तीसगढ़ की जनता चाहती है. आगे उन्होंने कहा, कांग्रेस में जो फाइटिंग हो रही उसकी चिंता उन्हें करनी चाहिए. बीजेपी कार्यकर्ता आधारित पार्टी है. कार्यकर्ता हर जिम्मेदारी का निर्वहन करता है.

## धर्मांतरण के आरोप में जमकर बवाल

### विरोध में पहुंचे लोगों पर फेंका पत्थर, डेढ़ दर्जन को चोट,पद्मनाभपुर थाना पहुंचे घायल

रायपुर। धर्मांतरण की खबर लगने पर रायपुर नाका स्थित चर्च के पास कुछ बजरंगी पहुंचे और वहां जमकर हंगामा हुआ। बजरंगियों का आरोप है कि चर्च में धर्मांतरण किया जा रहा था जब वो विरोध के लिए पुलिस को खबर कर पहुंचे तो उन पर पथराव किया गया।




पत्थर और डंडे से मारपीट में लगभग डेढ़ दर्जन को चोट आई है।

प्रत्यक्षदर्शियों नेबताया कि आज सुबह साढ़े 10 बजे रायपुर नाका दुर्ग स्थित चर्च में धर्मांतरण सभा होने की सूचना पर विश्व हिंदू परिषद के नगर अध्यक्ष सुनील वैष्णव, बजरंग दल जिला संयोजक सौरभ देवांगन, नगर अध्यक्ष नरसिंह सिन्हा सहित अन्य कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे और पुलिस को बुलवा कर धर्मांतरण का विरोध जताया। इसी दौरान चर्च में मौजूद लोगों ने पत्थर फेंकना शुरू कर दिया। कुछ लोग डंडा लेकर मारपीट करने लगे।

पुलिस को भी अंदर घुसने नहीं दिया। विश्व हिंदू परिषद के नगर अध्यक्ष सुनील वैष्णव, बजरंग दल जिला संयोजक सौरभ देवांगन, नगर अध्यक्ष नरसिंह सिन्हा सहित लगभग डेढ़ दर्जन लोगों को चोट आई है। घायल सभी लोग पद्मनाभपुर थाना पहुंचे और मारपीट करने वालों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाने का प्रयास कर रहे हैं। 3 बजे पुलिस ने जानकारी दी है कि घायल लोगों का मुलाहिजा हो रहा है फिर एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच की जाएगी।

### कांकेर में नक्सलियों से मुठभेड़ में बस्तर फाइटर का जवान शहीद

एक नक्सली ढेर

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले के अति नक्सल प्रभावित छोटेबेठियां थाना क्षेत्र के हिदुर के जंगलों में पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ जारी है। इस मुठभेड़ में बस्तर फाइटर का आरक्षक रमेश कुरेठी बलिदान हो गया। वहीं एक वर्दीधारी नक्सली भी ढेर हो गया। जवानों ने मुठभेड़ में मारे गए नक्सली का शव के साथ एके-47 हथियार भी बरामद किया है। नक्सली मुठभेड़ पर ,स्क अविनाश ठाकुर ने कहा, नक्सल विरोधी अभियान की कार्रवाई संचालित की जा रही है...आज भी नक्सलियों की उपस्थिति की सूचना पर नक्सल विरोधी अभियान संचालित किया गया...हमारे जवान जब मौके पर पहुंचे तो नक्सलियों द्वारा फायरिंग की गई, जवानों ने भी इसका जवाब दिया है। यह मुठभेड़ जिले के नक्सल प्रभावित हिदुर के जंगलों में पिछले एक घंटे से जारी है।



नक़ली गुटखा फ़ैक्ट्री पर छापा

## सप्ताह भर के अंदर 3 व्यापारियों से 8 करोड़ की टैक्स वसूली की गई

**राजनांदगांव/दुर्ग।** राज्य जीएसटी की टीम ने दुर्ग और राजनांदगाँव में दो अघोषित गुटका फ़ैक्टरियों पर छापा मारा है। राज्य जीएसटी की टीम को इन दोनों ही जगहों से बेहद बड़ी मात्रा में ब्रांडेड गुटखा कंपनियों के रैपर और गुटका बनाए जाने की सामग्री बरामद हुई है।राज्य जीएसटी की टीम कार्यवाही जारी रखे हुए हैं। एक अन्य कार्यवाही में राज्य जीएसटी ने तीन व्यापारियों से लगभग आठ करोड़ का टैक्स जमा कराया है।



### कोमल फुड्स के नाम से संचालित है फैक्ट्री

राज्य जीएसटी की टीम ने इनपुट के आधार पर पहले दुर्ग ज़िले के चंद्रखुरी में छापा मारा। इस छापे की कार्यवाही के दौरान टीम के पहुँचने के पहले पैकिंग मैटेरियल को जला दिया गया लेकिन राज्य जीएसटी की टीम मौक़े पर पहुँच गई।फ़ैक्ट्री में सितार और माणिकचंद बैनर के रैपर और गुटखा का कच्चा माल सुपारी तंबाकू भी बड़ी मात्रा में बरामद हुआ है ।इसके साथ ही मिक्सर मशीन भी बरामद की गई है। कोमल फुड्स के नाम से संचालित इस फ़ैक्ट्री में कार्यवाही के दौरान टीम को राजनांदगाँव में भी फ़ैक्ट्री संचालन की जानकारी मिली, जिसके बाद वहाँ भी दबिश दी गई है।राजनांदगाँव की फ़ैक्टरी में भी गुटखा निर्माण के साक्ष्य मिलने का दावा जीएसटी विभाग ने किया है।

### सर्वाधिक टैक्स है गुटखा और तंबाखू उत्पाद पर

राज्य जीएसटी के लिए यह कार्यवाही इसलिये भी अहम है क्योंकि राज्य में सर्वाधिक जीएसटी गुटखा पान मसाला और तंबाखू उत्पादों पर है।टैक्स के अतिरिक्त इन पर सेंस भी लगता है इसलिए इन में कर चोरी की आशंका सर्वाधिक रहती है।

### तीन व्यापारियों से 8 करोड़ का टैक्स जमा कराया गया

*एक अन्य कार्यवाही में बीते सप्ताह राज्य जीएसटी की टीम ने तीन व्यवसायिक परिसरों में दबिश दी।इन फ़र्मों में टैक्स की गड़बड़ी को आई टूल्स के द्वारा फ़्लैग किया जा रहा था।राज्य जीएसटी विभाग ने बताया है कि किन सभी तीनों व्यवसायिक परिसरों द्वारा आईटीसी क्लेम ज़्यादा करते हुए टैक्स कम जमा किया जा रहा था।जाँच के दौरान जीएसटी टीम ने स्टॉक में भी बड़ा अंतर पाया। तीनों ही व्यवसायिक परिसरों से आठ करोड़ रुपए का टैक्स जमा करवाया गया हैं।*

बृजमोहन को रायपुर से लोकसभा टिकट

## पार्टी के निर्णय पर खरा उतरने की कोशिश करूंगा

रायपुर। भाजपा ने लोकसभा चुनाव 2024 के लिए 195 प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है। पहली लिस्ट में ही छत्तीसगढ़ की सभी 11 सीटों पर नाम का ऐलान हो गया है। 2 सांसदों को फिर से मौका दिया गया हैं।




वहीं मंत्री बृजमोहन अग्रवाल को रायपुर से लोकसभा चुनाव लड़ाया जा रहा है। 11 सीटों में 3 महिलाओं को बीजेपी ने टिकट दिया है। मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि निश्चित रूप से पार्टी ने जो विश्वास व्यक्त किया है, मैं कोशिश करूँगा कि उनके विश्वास पर मैं खरा उतर सकूं।

7 सांसदों के टिकट काटकर रायपुर लोकसभा का प्रनिधित्व करने के सवाल पर कहा कि पार्टी का जो निर्णय होता है, वो हम सभी के कार्यकर्ता होने के नाते हम सबको शिरोधार्य होता है, और पार्टी ने जो निर्णय लिया है, निश्चित रूप से सोच समझ कर लिया है और पार्टी के निर्णय पर हम खरे उतरने की कोशिश करेंगे।

## बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने सभी 11 सीटों पर प्रत्याशियों की घोषणा का किया स्वागत

### कांग्रेस पर साधा निशाना

**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने आगामी लोकसभा चुनावों के लिए छत्तीसगढ़ के सभी 11 संसदीय क्षेत्रों के लिए पार्टी प्रत्याशियों की घोषणा का उल्लसित हृदय से स्वागत करते हुए विश्वास व्यक्त किया है कि जनता के आशीर्वाद से प्रदेश की सभी 11 लोकसभा सीटों पर भाजपा की विजय सुनिश्चित हो गई है. देव ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के कुशल व सक्षम नेतृत्व में पार्टी का विजय अभियान सतत जारी रहेगा.



**प्रदेश में भाजपा उम्मीदवार घोषित करने से अंतर्कलह, हताशा और पराजित मनोबल से जूझती कांग्रेस के लिए कड़ी चुनौती-किरण देवसिंह**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने कहा कि पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व ने रायगढ़ से राधेश्याम राठिया,जांजगीर-चाँपा से कमलेश जांगड़े, कोरबा से भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. सरोज पांडे, सरगुजा से चिंतामणि महाराज, बिलासपुर से तोखन साहू, राजनांदगांव से संतोष पांडे, दुर्ग से विजय बघेल, रायपुर से बृजमोहन अग्रवाल, महासमुंद से भाजपा जिला अध्यक्ष व पूर्व संसदीय सचिव रूपकुमारी चौधरी, बस्तर से महेश कश्यप और काँकेर से भोजराज नाग को उम्मीदवार घोषित कर एक बार फिर अंतर्कलह, हताशा और पराजित मनोबल से जूझती कांग्रेस के लिए कड़ी चुनौती पेश की है.

प्रत्याशियों की समय पूर्व घोषणा के लिए केंद्रीय नेतृत्व के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करते हुए कहा कि इससे पार्टी को चुनावी तैयारियों के लिए पर्याप्त समय मिला है. उन्होंने केंद्रीय नेतृत्व को विश्वास दिलाया कि पिछले विधानसभा चुनाव में अपने अथक परिश्रम से भाजपा की ऐतिहासिक जीत की पटकथा लिखने वाले प्रदेश के पुरुषार्थी भाजपा कार्यकर्ता लोकसभा चुनाव में भी अपने पराक्रमी कार्य-कौशल का परिचय देते हुए जनता का आशीर्वाद केते हुए भाजपा को सभी 11 लोकसभा सीटों पर विजयी बनाकर सशक्त और आत्मनिर्भर भारत बनाने में कोई कोर-कसर बाकी नहीं रखेंगे.

## महादेव सट्टा एप के मुख्य आपरेटर गिरीश तलरेजा और सूरज चोखानी को लेकर रायपुर पहुंची ईडी

### रिमांड के लिए कोर्ट में लगाई अर्जी

रायपुर। महादेव सट्टा एप के मुख्य आपरेटर भोपाल से गिरीश तलरेजा और कलकत्ता से सूरज चोखानी को गिरफ्तार कर ईडी की टीम रायपुर पहुंची। ईडी ने सीजेएम कोर्ट में दोनों आरोपितों को पेश कर रिमांड पर लेने के लिए आवेदन लगाया है।



भोपाल से गिरफ्तार गिरीश तलरेजा पर सट्टेबाजी की कमाई को एप के प्रमोटर शुभम सोनी के साथ मिलकर कई बैंक खातों के जरिए रोटेट करने का आरोप है। वहीं कलकत्ता से गिरफ्तार सूरज चोखानी पर महादेव एप सट्टेबाजी के पैसे को शेयर मार्केट में लगाने का आरोप है।

भोपाल में ईडी की गिरफ्त में आया मुख्य आपरेटर गिरीश तलरेजा

भोपाल में ईडी की गिरफ्त में आए मुख्य आपरेटर गिरीश तलरेजा को रायपुर लाकर कोर्ट में पेश करने के संबंध में ईडी के वकील डा.सौरभ पांडेय ने कहा कि भोपाल समेत कई अन्य जगहों पर ईडी की कार्रवाई अभी जारी है। शनिवार को गिरीश तलरेजा को विशेष कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लेने की चर्चा थी, पर ईडी के अधिकारी देर शाम तक कोर्ट नहीं पहुंचे।

गौरतलब है कि पूछताछ में एप के पैनल आपरेटर नीतीश दीवान ने तलरेजा और रतनलाल जैन का नाम लिया था। इसके बाद ईडी ने दोनों के बैंक खाते की पूरी जानकारी खंगाली तो एप के संचालक शुभम सोनी के साथ करोड़ों रुपयों के ट्रांसजेक्शन मिला। इसके आधार पर ही शुक्रवार को भोपाल से गिरीश तलरेजा को हिरासत में ले लिया गया। वहीं, रतनलाल जैन फरार है।

### दम्मानी की जमानत खारिज

**महादेव सट्टा एप मामले में रायपुर सेंट्रल जेल में बंद सुनील दम्मानी की जमानत याचिका पर शनिवार को विशेष न्यायालय में बहस हुई। इसके बाद न्यायाधीश अजय सिंह राजपूत ने महादेव सट्टा एप मामले में हवाला के जरिये पैसा विदेश भेजने के मामले को बेहद संवेदनशील बताते हुए दूसरी जमानत याचिका भी खारिज कर दी।**

# पड़तालः क्या गरीब लुप्त होती प्रजाति है, ...नीति आयोग की चाहत और सरकार की कोशिश

अगर आप किसी सुबह उठें और अखबार में एक हेडलाइन पढ़ें कि 'कोई गरीब नहीं, भारत ने किया गरीबी का उन्मूलन', तो हैरत नहीं होनी चाहिए। नीति आयोग दरअसल यही चाहता है कि आप इस पर भरोसा करें। योजना आयोग जैसी प्रतिष्ठित संस्था को सरकार का प्रवक्ता बना कर रख दिया गया है। पहले उसने घोषणा की कि देश में बहुआयामी गरीबी 11.28 फीसदी है और अब इसके सीईओ ने यह खोज की है कि भारत में गरीब आबादी पांच फीसद से ज्यादा नहीं है।

सीईओ ने यह आश्चर्यजनक दावा राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण कार्यालय द्वारा प्रकाशित घरेलू उपभोग व्यय सर्वेक्षण (एचसीईएस) के निष्कर्षों के आधार पर किया है। एचसीईएस के निष्कर्ष कितने ही आश्चर्यजनक क्यों न हों, लेकिन उनसे ये कहीं से प्रकट नहीं होता कि भारत में गरीबों का अनुपात पांच फीसदी से ज्यादा नहीं है।

### आंकड़ों को समझिए

एचसीईएस का सर्वे अगस्त, 2022 से जुलाई, 2023 के बीच किया गया था। इसने 8,723 गांवों और 6,115 शहरी ब्लॉकों से 2,61,745 घरों (ग्रामीण क्षेत्रों में 60 और शहरी क्षेत्रों में 40 फीसदी) को कवर किया। हम यह भी मान लेते हैं कि नमूना पर्याप्त रूप से प्रतिनिधित्वपूर्ण था और सर्वे की कार्यप्रणाली भी बिल्कुल सटीक थी। इसका उद्देश्य वर्तमान/नॉमिनल कीमतों पर मासिक प्रति व्यक्ति व्यय (एमपीसीई) की गणना करना था। औसत के रूप में देखें तो एक व्यक्ति का मासिक व्यय था – अब जरा नीचे के 20 फीसदी पर नजर डालते हैं। क्या नीति आयोग गंभीरता से तर्क देता है कि कोई भी व्यक्ति, जिसका मासिक खर्च (भोजन और गैर-खाद्य) ग्रामीण क्षेत्रों में करीब 2,112 रुपये या 70 रुपये प्रतिदिन है, वह गरीब नहीं है? या शहरी क्षेत्रों में कोई भी व्यक्ति, जिसका मासिक खर्च 3,157 रुपये या प्रतिदिन 100 रुपये है, गरीब नहीं है? मेरा सुझाव है कि सरकार नीति आयोग के प्रत्येक अधिकारी को 2,100 रुपये देकर एक महीने गांवों में जाकर रहने के लिए भेजे और फिर यह बताने के लिए कहे कि उसका जीवन कितना समृद्ध था। एचसीईएस ने खुलासा किया कि उपभोग में भोजन की हिस्सेदारी



यह कहकर कि देश में गरीब आबादी केवल पांच फीसदी रह गई है, नीति आयोग को गरीबों का मजाक नहीं उड़ाना चाहिए। सरकार गरीबी भले दूर करने में सफल न हो पा रही हो, लेकिन गरीबों को अपनी नजरों से ओझल करने की पुरजोर कोशिश जरूर कर रही है।

ग्रामीण क्षेत्रों में घटकर 46 और शहरी क्षेत्रों में 39 फीसदी हो गई है। यह शायद सच है, क्योंकि आय व व्यय तो बढ़ रहा है, लेकिन खाद्य उपभोग का मूल्य वही बना हुआ है या बेहद धीमी गति से बढ़ रहा है। बाकी आंकड़े भी वास्तविकता की कुछ और ही तस्वीर दिखाते हैं। अनुसूचित जाति व जनजातियां सबसे गरीब सामाजिक समूह बने हुए हैं। वे औसत से नीचे, तो ओबीसी औसत के करीब हैं। केवल 'अन्य' हैं, जो औसत के ऊपर हैं। राज्यवार आंकड़ों को देखें, तो सबसे गरीब नागरिक वे हैं, जो छत्तीसगढ़, झारखंड, ओडिशा, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल और मेघालय में रहते हैं, जिनका एमपीसीई ग्रामीण क्षेत्रों के लिए राष्ट्रीय औसत से नीचे है। अगर हम शहरी क्षेत्रों के लिए एमपीसीई के राष्ट्रीय औसत पर विचार करें, तो राज्यों के नामों में थोड़ा ही फर्क पाएंगे। इन राज्यों में लंबे समय तक भाजपा और गैर-कांग्रेसी सरकारों का शासन रहा है। फिजूल प्रचार पर न जाएं, तो हैरत की बात है कि 1995 से भाजपा द्वारा शासित गुजरात एमपीसीई के मामले में ग्रामीण और शहरी, दोनों क्षेत्रों में राष्ट्रीय औसत को लगभग ही गले लगा पाता है।

### गरीबों से नजर मत फेरिए

जो बात मुझे परेशान करती है, वह है कि भारत में गरीब आबादी का प्रतिशत पांच फीसदी से ज्यादा नहीं है। इसका अर्थ यह भी है कि देश में गरीब एक लुप्त होती प्रजाति है। अब जरा अपना ध्यान देश के मध्य व समृद्ध वर्ग पर दें और परखें कि क्या गरीबों के संबंध में किया जा रहा दावा सही है? – सरकार 80 करोड़ लोगों को प्रति व्यक्ति प्रति माह पांच किलो मुफ्त अनाज क्यों बांटती है? आखिरकार, अनाज व दूसरे विकल्प कुल एमपीसीई का महज 4.91 फीसदी (ग्रामीण) और 3.64 फीसदी (शहरी) हैं।

– अगर गरीब पांच फीसदी से ज्यादा नहीं हैं, तो राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण क्यों किया गया, जिसके निम्नलिखित चौंकाने वाले तथ्यों पर नजर डालें–

1) छह से 59 महीने की उम्र के 67.1 फीसदी बच्चे एनीमिया से पीड़ित हैं।

2) 15 से 49 वर्ष की 57 फीसदी महिलाएं एनीमिया से पीड़ित हैं।

3) पांच वर्ष से कम उम्र के 35.5 फीसदी बच्चे अविकसित हैं। 4) पांच वर्ष से कम उम्र के 19.5 फीसदी बच्चे कमजोर हैं।

इसके अलावा क्या नीति आयोग ने दिल्ली की सड़कों पर भीख मांगने वाले बच्चों पर अपनी आंखें बंद कर ली हैं और क्या वह नहीं जानता कि देश में बड़ी तादाद ऐसे लोगों की है, जो फुटपाथों या पुलों के नीचे सोते हैं? नीति आयोग नहीं जानता कि मनरेगा के तहत 15.4 करोड़ सक्रिय श्रमिक क्यों हैं? उज्ज्वला लाभार्थी एक साल में औसतन केवल 3.7 सिलिंडर ही क्यों खरीदते हैं? अगर नीति आयोग अमीरों की सेवा ही करना चाहता है तो उसे ऐसा करने दें, लेकिन उसे गरीबों का मजाक नहीं उड़ाने देना चाहिए। सरकार गरीबी भले दूर करने में सफल न हो पा रही हो, लेकिन गरीबों को अपनी नजरों से ओझल करने की पुरजोर कोशिश अवश्य कर रही है।

**पी. चिदंबरम**

## संपादकीय

### कृत्रिम स्थिरता की चाहत

'एक राष्ट्र-एक चुनाव' योजना की प्रेरक सोच पर गंभीर सवाल हैं। ऐसी ही सोच के तहत दल-बदल विरोधी कानून बनाया गया था। उससे दल-बदल तो नहीं रुका, इससे सांसदों-विधायकों की स्वतंत्र चेतना पर जरूर ताला लग गया।

खबरों के मुताबिक 'एक राष्ट्र-एक चुनाव' योजना पर 22वां विधि आयोग अपनी सिफारिशें जल्द ही केंद्र सरकार को सौंप देगा। इस बीच आयोग ने अपनी सिफारिशों की प्रस्तुति पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद के नेतृत्व में बनी उच्चस्तरीय समिति के सामने की है। इसमें दो संविधान संशोधनों की सिफारिश की गई है। कोविंद समिति नरेंद्र मोदी सरकार की इस इच्छा पर सुझाव देने के लिए बनाई गई है कि लोकसभा, सभी राज्यों की विधानसभाओं, और पूरे देश में नगर-निकायों के चुनाव एक साथ संपन्न कराए जाएं। इस बीच विधि आयोग ने जो सुझाव रखे हैं, उसके मुताबिक सभी विधानसभाओं के चुनाव दो किस्तों में इस तरह संपन्न कराए जाएंगे, जिससे 2029 में लोकसभा के साथ-साथ उन सबका चुनाव कराया जा सके। एक दूसरा संशोधन इस योजना को टिकाऊ बनाने के लिए दिया गया है। इसके तहत अगर सदन की मध्यावधि में कोई सरकार गिर जाती है, तो विकल्प के तौर पर विभिन्न दलों की 'एकता सरकार' बनाई जाएगी। अगर यह संभव नहीं हुआ, तो फिर नया चुनाव बची अवधि भर तक के लिए कराया जाएगा, ताकि एक राष्ट्र- एक चुनाव का क्रम बना रहे। इस योजना में यह समझ अंतर्निहित है कि सभी दलों की नीतियां कमोबेश एक जैसी हैं और सारी राजनीतिक प्रतिस्पर्धा व्यक्तियों की महत्त्वाकांक्षाओं के बीच है।

# टाइम मशीन : कोयले का सनसनीखेज अतीत, जिसने भूगोल के साथ इतिहास को भी किया प्रभावित

यूरोप ने कभी नहीं सोचा था कि दुनिया के सबसे बड़े कोयला क्षेत्रों, यानी रूस के कुजनेत्स और यूक्रेन के डोनेस्क का पड़ोसी होने के बावजूद उन्हें अटलांटिक पार अमेरिका से कोयला मंगाना पड़ेगा। रूस को भी अनुमान नहीं था कि कोयले की, जो उसके औद्योगिक इतिहास का सबसे बड़ा निर्माता है, खदानों में सन्नाटा छा जाएगा। इधर यूक्रेन को भी कहां अनुमान था कि हमलों के बीच उसे अपनी बंद पड़ी खदानों के भीतर से कोयला निकाल कर बिजली बनानी पड़ेगी। यह वही कोयला है, जिसने यूक्रेन के डोनबास इलाके में इतिहास बनाया था। कोयले के कारण ही पूरा कम्युनिस्ट पूर्वी यूरोप बिखर गया। इसी कोयले की वजह से वर्ष 1991 में मिखाइल गोर्बाचेव की विदाई हुई थी। तो आइए टाइम मशीन में कुर्सी पकड़िए। चलते हैं इतिहास की यात्रा पर। सोशल मीडिया पर रातों-रात स्टार बन जाने वाले अनजान गुमनाम लोगों के दौर से पीछे जाते हुए मशहूर टाइम मैगजीन के मुखपृष्ठ पर एक तस्वीर देखकर आश्चर्य होगा। हम अब 1935 में हैं और आपके हाथ में है टाइम मैगजीन। इसके कवर पर अलेक्सी स्टैकनोव की तस्वीर है। अलेक्सी स्टैकनोव कोई नेता, अभिनेता, वैज्ञानिक या समाजसेवी नहीं हैं। तीस साल के स्टैकनोव रूस की एक कोयला खदान में मजदूर हैं। कोयले के खनन में उनके एक चमत्कार ने उन्हें रातों-रात स्टार बना दिया। स्टैकनोव ने तीन लोगों की एक छोटी-सी टीम के साथ कोयला निकालने और उसे ऊपर तक ले जाने का तरीका बदला। और छह घंटे की शिफ्ट में 102 टन कोयले का उत्पादन कर दिया। स्टैकनोव हीरो हो गए।



*तत्कालीन सोवियत संघ में बसी हुई थी कोयले की वह कहानी, जिसने उसके इतिहास और भूगोल, दोनों को प्रभावित किया। वही कोयला जो कभी स्टालिन की ताकत था, सोवियत रूस के विघटन की वजह बन गया। रूस-यूक्रेन युद्ध की तीसरी बरसी पर हम देख सकते हैं कि कभी ऊर्जा के पावर हाउस रहे रूस से दुनिया का कारोबार बंद है।*

कम्युनिस्ट पार्टी को नया ब्रांड एंबेसडर मिल गया। अब चलते हैं मास्को। दौर है 1936 का। यहां जोसेफ स्टालिन मजदूरों की एक बड़ी कॉन्फ्रेंस को संबोधित कर रहे हैं। कॉन्फ्रेंस में आए मजदूरों को स्टैकनोवाइट्स कहा जा रहा है। यानी वे श्रमिक, जो अपनी मेहनत से खुश और सुखी हैं। स्टालिन कह रहे हैं, लाइफ हैज बिकम हैपियर कामरेड्स, लाइफ हैज बिकम हैपियर.. यही वह संदेश था, जिस पर संगीत व गीत बनाए गए। हालांकि बाद के दशकों में स्टालिन का यह संदेश व्यंग्य बन गया। कम्युनिस्टों के स्टार मजदूर स्टैकनोव रूस और यूक्रेन के सीमावर्ती इलाके डोनबास से आते हैं, जिसे डोनेट्स रीजन कहा जाता है। इसका एक हिस्सा रूस में और दूसरा यूक्रेन के पास था, जिसे पुतिन के ताजा हमले ने स्वायत्त क्षेत्र में बदल दिया है। डोनबास यूक्रेन का सबसे विकसित शहरी इलाका है। 2014 में रूस से संघर्ष की शुरुआत से पहले यहां का समृद्ध कोयला और खनन उद्योग यूक्रेन की अर्थव्यवस्था की सबसे बड़ी ताकत था। इस सफर के लिए टाइम मशीन में बैठने से पहले आप भी खारकीव, डोनेस्क जैसे शहरों के नाम सुन चुके होंगे। मारियोपोल का बंदरगाह शहर, जिस पर रूस ने मौत बरसाई है, भी इसी समृद्ध कोयला और औद्योगिक क्षेत्र का हिस्सा है। टाइम मशीन अब तेजी से उड़ान भर कर 18वीं सदी के ब्रिटेन में आ गई है। यह ब्रिटेन में औद्योगिक क्रांति, नई फैक्टरियों और बढ़ते कामगारों का दौर है। अब आप वेल्स के मिथाइल टैडफिल शहर में हैं, जहां शुरुआती लोहा उद्योग विकसित हुआ था। यहां आपको जॉन ह्यूज के किस्से सुनने को मिलेंगे। वह एक लोहा मिल में इंजीनियर के बेटे थे। किस्मत और नसीहतों की चक्करदार सीढ़ियां चढ़ते हुए ह्यूज पहुंच गए मिलवाल आयरन ऐंड शिपबिल्डिंग वर्क्स, जो तब सबसे बड़ी लोहा कंपनी थी। ह्यूज को इस कंपनी का निदेशक बनाया गया और वह निकल पड़े कोयले की तलाश में। टाइम मशीन में आपको दिखाई देगा कि 1869 में ह्यूज करीब आठ जहाजों पर साजो-सामान और मजदूरों के साथ यूक्रेन पहुंच गए हैं, जहां लोहा भी है और कोयला भी। डोनेट्स के इस वीरान इलाके में उद्योग नाम की चीज नहीं थी। ह्यूज ने यहां एक मेटलर्जिकल और रेल पटरी बनाने की फैक्टरी लगाई।

**- अंशुमान तिवारी**

## मिला जुला

### एक नजर

#### श्रीनगर-जम्मू हाईवे लगातार दूसरे दिन अवरुद्ध

**श्रीनगर ।** जम्मू-कश्मीर की लाइफलाइन श्रीनगर-जम्मू राष्ट्रीय राजमार्ग भूस्खलन के कारण रविवार को लगातार दूसरे दिन बंद है। यातायात विभाग के अधिकारियों ने कहा कि रामबन जिले में लगातार बारिश के कारण कई भूस्खलन हुए हैं। अधिकारियों ने कहा, यातायात के लिए राजमार्ग को बहाल करने के प्रयास जारी हैं। यात्रियों को सलाह दी जाती है कि वे श्रीनगर और जम्मू में हमारे नियंत्रण कक्ष से संपर्क किए बिना यात्रा न करें। बता दें कि सभी आवश्यक आपूर्ति इसी राजमार्ग के जरिए घाटी में पहुंचाई जाती है। इस बीच, श्रीनगर-लेह, मुगल रोड, सिंथन-किश्तवाड़ रोड, बांदीपोरा-गुरेज़ और कुपवाड़ा-तंगधार रोड पर बर्फबारी जारी रही और इसे यातायात के लिए बंद कर दिया गया।

#### 8 सप्ताह में आ जाएगा ज्ञानवापी मामले पर फैसला

##### हाईकोर्ट ने पूजा की मांग वाली अर्जी निस्तारित करने के दिए निर्देश

प्रयागराज ।इलाहाबाद हाईकोर्ट ने ज्ञानवापी परिसर में मिले 'कथित शिवलिंग' की पूजा की मांग वाली छह (ग) अर्जी को आठ सप्ताह में निस्तारित करने का आदेश दिया है। कोर्ट ने कहा कि मामले की सुनवाई को बेवजह टाला न जाए। न्यायमूर्ति मनीष कुमार निगम ने विवेक सोनी व अन्य की याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश दिया है। याची की ओर से कहा गया कि ज्ञानवापी परिसर में शिवलिंग, फव्वारा सहित कई अन्य देवी देवताओं की मूर्तियां मिली हैं।

सिविल जज सीनियर डिविजन के समक्ष अर्जी दाखिल कर पूजा की मांग की है। यह अर्जी 2022 से ही लंबित है।

### शहबाज शरीफ के हाथ होगी पाकिस्तान की कमान

# शाहबाज शरीफ दूसरी बार बने पाकिस्तान के प्रधानमंत्री

ईस्लामाबाद। शहबाज शरीफ को पाकिस्तान के 24वें प्रधानमंत्री के रूप में चुना गया है। प्रधानमंत्री के चुनाव के लिए पाकिस्तान की नेशनल असेंबली में वोटिंग हुई। नेशनल असेंबली के स्पीकर अयाज सादिक ने वोटों का रिकॉर्ड पेश किया।



अयाज सादिक ने नतीजों की घोषणा करते हुए कहा कि शहबाज शरीफ 201 वोट पाकर दूसरी बार प्रधानमंत्री चुने गए हैं। तीन बार पंजाब के मुख्यमंत्री रहे शहबाज शरीफ साल 2022 में पहली बार पाकिस्तान के प्रधानमंत्री बने। प्रधानमंत्री के तौर पर उनका पहला कार्यकाल सिर्फ 16 महीने तक का ही रहा।

#### लगातार दूसरी बार बने पाकिस्तान के पीएम

अगस्त 2023 में अपनी सरकार का कार्यकाल पूरा होने पर शाहबाज शरीफ ने दावा किया था कि उन्होंने पाकिस्तान को डिफॉल्ट से बचाया। उन्होंने कहा कि जिन परिस्थितियों में उन्हें अर्थव्यवस्था मिली। उन्होंने 16 महीनों में जितना संभव हो सके उतना प्रयार किया है। अब एक बार फिर 9 फरवरी 2024 को चुनाव के नतीजों और नई नेशनल असेंबली के गठन के बाद उन्हें दूसरी बार पाकिस्तान का प्रधानमंत्री चुना गया है।

#### ऐसा रहा शहबाज शरीफ का सियासी सफर

पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ के छोटे भाई शाहबाज शरीफ का जन्म 1950 में लाहौर में हुआ था। शहबाज शरीफ को 1985 में लाहौर चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज का अध्यक्ष भी चुना गया था। शाहबाज शरीफ पहली बार 1988 में पंजाब विधानसभा पहुंचे। 1997 में वह तीसरी बार पंजाब विधानसभा के सदस्य के रूप में चुने गए और प्रांत के मुख्यमंत्री बने।

#### तीन बार पंजाब के मुख्यमंत्री रहे शहबाज शरीफ

*1999 में सैन्य तख्तापलट के बाद उन्हें अपदस्थ कर दिया गया और सऊदी अरब में निर्वासित कर दिया गया। 8 साल निर्वासन में बिताने के बाद वह 2007 में पाकिस्तान लौट आए। 2008 में उन्होंने चौथी बार भक्कर से प्रांतीय विधानसभा सीट जीती और दूसरी बार पंजाब के मुख्यमंत्री बने। 2013 में वह एक बार फिर लाहौर से विधानसभा के सदस्य बने और तीसरी बार पंजाब के मुख्यमंत्री चुने गए। 2018 में अपने बड़े भाई नवाज शरीफ को सुप्रीम कोर्ट से अयोग्य ठहराए जाने के बाद उन्हें पाकिस्तान मुस्लिम लीग (एन) के अध्यक्ष के रूप में चुना गया था।*

### रालोद NDA में शामिल

# अमित शाह और नड्डा से मिले जयंत चौधरी

## BJP के राष्ट्रीय अध्यक्ष बोले- दिल से स्वागत



**लखनऊ।** जयंत चौधरी की पार्टी राष्ट्रीय लोक दल शनिवार देर रात NDA में शामिल हो गई। जयंत ने दिल्ली में गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात के बाद इसका ऐलान किया। शाह ने सोशल मीडिया पर लिखा- उनके NDA में आने से किसान, गरीब के उत्थान के हमारे संकल्प को और बल मिलेगा। जयंत ने आठ दिन पहले उत्तर प्रदेश के अमरोहा में एनडीए में शामिल होने के संकेत दिए थे। उन्होंने कहा था- सब समय आने पर पता लग जाएगा। जल्द एनडीए से गठबंधन की घोषणा होगी। सूत्रों की मानें, तो सपा ने जयंत चौधरी के सामने सीट बंटवारे का जो फार्मूला रखा था, वह उससे सहमत नहीं थे। इसलिए NDA के साथ जाने का फैसला किया। हालांकि सपा ने रालोद को 7 सीटें देने की बात कही थी। सपा ने RLD को जो सात सीटें देने का वादा किया था, उनमें मेरठ, कैराना, मुजफ्फरनगर, मथुरा, हाथरस, बागपत, बिजनौर और अमरोहा में से एक सीट शामिल थी।

# मुंबई में रोका गया चीनी जहाज

## परमाणु हथियार बनाने का सामान लेकर जा रहा था पाकिस्तान

नई दिल्ली ।चीन से पाकिस्तान जा रहे एक जहाज को मुंबई में रोक लिया गया है। भारतीय सुरक्षा एजेंसियों को आशंका है कि इस जहाज में कुछ ऐसा है, जिसका इस्तेमाल पाकिस्तान के परमाणु और बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम के लिए किया जा सकता था।



कस्टम अधिकारियों ने खुफिया जानकारी के आधार पर माल्टा के झंडे वाले व्यापारिक जहाज सीएमए सीजीएम अत्तिला को 23 जनवरी को बंदरगाह पर रोका। जांच के दौरान इसमें कंप्यूटर न्यूमेरिकल कंट्रोल (सीएनसी) मशीन भी मिली, जिसे एक इटैलियन कंपनी ने बनाया था। सीएनसी मशीनों को कंप्यूटर से कंट्रोल किया जाता है, ऐसा मैनुअली करना पॉसिबल नहीं है।

डीआरडीओ की एक टीम ने भी जहाज में लदी खेप का निरीक्षण किया। जांच में सामने आया कि जहाज में लदी चीजों का इस्तेमाल पड़ोसी देश अपने परमाणु कार्यक्रम के लिए कर सकता है। विशेषज्ञों के मुताबिक यह इक्विपमेंट पाकिस्तान के मिसाइल विकास कार्यक्रम में महत्वपूर्ण हो सकता है।

# नमो ऐप के जरिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पार्टी फंड में दिया चंदा

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी भारतीय जनता पार्टी के चंदा अभियान में अपना योगदान दिया है। पीएम ने नमो ऐप के जरिए 2000 रुपए का यह चंदा दिया है। उन्होंने सोशल मीडिया साइट एक्स पर इस बारे में लिखा है।



प्रधानमंत्री ने अपनी पोस्ट में लिखा है कि पार्टी में योगदान देकर मुझे बेहद खुशी हो रही है। गौरतलब है कि इससे पहले पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा समेत तमाम नेताओं ने नमो ऐप के जरिए पार्टी फंड में चंदा दिया है। इन लोगों ने अलग-अलग राशि डोनेट की है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पार्टी को चंदा देने की जानकारी सोशल मीडिया पर पोस्ट के जरिए दी है। उन्होंने लिखा है कि एक विकसित भारत के निर्माण के हमारी कोशिशों को मजबूत कीजिए। इसके अलावा उन्होंने आम लोगों ने भी डोनेशन की गुजारिश की है। प्रधानमंत्री मोदी ने लिखा है कि मैं सभी लोगों से नमो ऐप के माध्यम से डोनेशन कर भारत के निर्माण का हिस्सा बनने का भी आग्रह करता हूं।

जोहार छत्तीसगढ़

धरमजयगढ़, सोमवार 4 मार्च 2024

# मुख्यमंत्री वनवासी कल्याण आश्रम के कार्यक्रम में शामिल हुए

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।







मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा है कि हम जशपुर वासियों के लिए बड़ा सौभाग्य का विषय है वनवासी कल्याण आश्रम में राष्ट्रीय पदाधिकारी की बैठक संपन्न हो रही है। मैं पढ़ाई लिखाई के बाद कल्याण आश्रम का कार्यकर्ता बना। वनवासी कल्याण आश्रम का ही आशीर्वाद है कि आज मुख्यमंत्री के रूप में आम जनता की सेवा कर रहा हूं। वनवासी कल्याण आश्रम के संस्थापक बाला साहब देशपांडे को नमन करता हूं। स्वर्गीय दिलीप सिंह जूदेव ने 1990 में पहली बार विधानसभा का टिकट दिया और जीत दिलाकर मध्य प्रदेश विधानसभा भेजा। मेरा राजनीतिक सफर अभी चल रहा है मैं इसके पहले दो बार विधायक चार बार लोकसभा सांसदए तीन बार प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बना और अब आज मुख्यमंत्री के रूप में छत्तीसगढ़ की जनता की सेवा कर रहा हूं। दोनों महापुरुषों का आशीर्वाद मुझ पर बना हुआ है। 1 नवंबर 2000 को छत्तीसगढ़ राज्य का गठन हुआ। पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्रीअटल बिहारी वाजपेई की देन है जिनके कार्यकाल में राज्य का निर्माण हुआ। 15 साल डॉक्टर रमन सिंह के नेतृत्व में हमारी पार्टी की सरकार रही। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि 5 साल तक कांग्रेस का शासन रहा। उन्होंने छत्तीसगढ़ को चारागाह बना दिया। कोयला घोटाला, डी एमएफ घोटाला,महादेव सत्ता एप घोटाला और पीएससी भर्ती परीक्षा में घोटाला किया। हमारी सरकार बने ढाई माह हो रहे हैं । प्रदेश की जनता के हित में अनेक फैसले लिए हैं। जिसका क्रियान्वयन भी शुरू कर दिया है। प्रधानमंत्री आवास से वंचित 18 लाख गरीब परिवारों को आवास स्वीकृत किया गया है। पूर्ववर्ती सरकार ने इसे लागू नहीं किया। जिसका कारण यह है कि इसका श्रेय देश के प्रधानमंत्री को मिलेगा। इस कारण पीएम आवास को पेंडिंग में रखा ।13 दिसंबर को हमारी सरकार ने शपथ ली। दूसरे दिन ही कैबिनेट में निर्णय लिया ग्रामीण आवास देने का। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि 12 लाख किसानों को 2 साल के धान के बकाया बोनस की राशि 25 दिसंबर को अटल जी के जन्म दिवस सुशासन दिवस के अवसर पर 3716 करोड रुपए किसानों के खाते में अंतरित की गई। हमने यह अभी वादा किया है कि लोकसभा चुनाव के पहले समर्थन मूल्य पर उपार्जन की राशि 917 रुपए के अंतर की राशि 13000 करोड रुपए किसानों के खातों में 12 मार्च को देंगे। महतारी वंदन योजना के तहत प्रदेश के 70 लाख से अधिक माता बहनों को 7 मार्च को प्रथम किस्त की राशि रूपए 1000 के मान से उनके खाते में अंतरिक्ष कर देंगे। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि तेंदूपत्ता प्रति मानक बोरा अब 5500 की दर से पारिश्रमिक देंगे। चरण पादुका योजना फिर से लागू की जाएगी। वनवासी कल्याण आश्रम ने आज मेरा सम्मान किया आज इस परिवार के बीच आकर मैं अभिभूत हूँ।

# महिलाओं एवं बालिकाओं से संबंधित अपराधों पर आयेगी कमी, होगी त्वरित कार्रवाई

## मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बगिया में नोनी रक्षा रथ को झंडी दिखाकर किया रवाना

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।




मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने यहां अपने निवास ग्राम बगिया से नोनी रक्षा रथ को झंडी दिखाकर रवाना किया। जशपुर पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षित महिला सुरक्षित समाज के उद्देश्य से इस रथ का संचालन किया जा रहा है ताकि जिले में महिलाओं एवं बालिकाओं से संबंधित अपराधों पर लगाम लगे और ऐसे मामलों की कमी आए। इसके साथ ही घटित अपराध पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित हो। नोनी रक्षा रथ के लिए हेल्पलाइन नंबर 9479128400 जारी किया गया है जिसमें चौबीसों घंटे महिला पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी ड्यूटी पर तैनात रहेंगी।




**नोनी रक्षा रथ के लिए हेल्पलाइन नंबर 9479128400 जारी**

# मुख्यमंत्री ने अंतर्राजजीय क्रिकेट प्रतियोगिता के समापन समारोह में बैटिंग में अजमाया हाथ, लगाया करारा शॉट

* खिलाड़ियों से मिलकर एवं परिचय प्राप्त कर किया उनका उत्साहवर्धन

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।




मुख्यमंत्री विष्णु देव साय स्वर्गीय शत्रुंजय प्रताप सिंह जूदेव मेमोरियल फ्लड लाईट टेनिस बॉल अंतर्राज्यीय क्रिकेट प्रतियोगिता के फ इनल मैच समारोह में जशपुर जिले के रणजीता स्टेडियम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के स्टेडियम में पहुंचते ही आतिशबाजी की गई। इस दौरान भारी संख्या में दर्शक उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने खिलाड़ियों से मिलकर एवं परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया। जशपुर के रणजीता स्टेडियम में देर रात के बावजूद खिलाड़ियों एवं खेल प्रेमियों का उत्साह देखेते ही बन रहा है। मुख्यमंत्री ने खिलाड़ियों की हौसला अफ्जाई की और दोनों टीम को शुभकामनाएं दी। साथ ही मुख्यमंत्री ने अंतर्राजजीय क्रिकेट प्रतियोगिता के समापन समारोह में बैटिंग में हाथ अजमाए और करारा शॉअ भी लगाए। उन्होंने ने स्टेडियम में बच्चों के संग क्रिकेट मैच का आनंद भी लिया। स्वर्गीय शत्रुंजय प्रताप सिंह जूदेव को याद करते हुए उन्हे श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए युवाओं के दिल का धड़कन बताया, उनके कार्य सभी युवाओं को प्रेरित करते रहेंगे। खिलाड़ियों एवं दर्शकों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री साय ने कहा स्वर्गीय शत्रुंजय प्रताप सिंह जूदेव मेमोरियल फ ल्ड लाईट टेनिस बॉल अंतर्राज्यीय क्रिकेट प्रतियोगिता बहुत बड़ा आयोजन है। यंग तिरंगा समिति जशपुर द्वारा लगातार 8 वें वर्ष प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है जो बधाई के पात्र है। मुझे लगता है हर बार मुझे बुलाया है इसके लिए मैं आभारी हूं।

**मुख्यमंत्री ने स्टेडियम में आज बच्चों के संग क्रिकेट मैच का लिया आनंद**

**आयोजन के लिए यंग तिरंगा समिति को प्रतिवर्ष 10 लाख रुपये देने की घोषणा**

इस दौरान उन्होंने आयोजन के लिए यंग तिरंगा समिति को प्रतिवर्ष 10 लाख रूपये देने की घोषणा की। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने इस अवसर पर कहा कि हमारी सरकार खेल एवं खिलाड़ियों के प्रोत्साहन लिए नई उर्जा से कार्य कर रही है। कुछ दिनों पहले बड़े खिलाड़ी सौरभ गांगुली सहित अन्य खिलाड़ियों ने हमारे क्रिकेट स्टेडियम की तारीफ की है। जो देश का तीसरे सबसे बड़े स्टेडियम है। आने वाले दिनों में हम निश्चित बड़े खेलों आयोजन करेंगे। इस मौके पर राज्यसभा सांसद देवेंद्र प्रताप सिंह, विधायक जशपुर रायमुनि भगत,सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि गण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री ने बच्चों को दवा पिलाकर राष्ट्रीय सघन पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ किया

## जिले में 0 से 05 वर्ष के लक्षित 110439 बच्चों को पिलाया जाएगा पोलियो की खुराक

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।






मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अपने गृह ग्राम बगिया में नन्हे बच्चों को पोलियो की दो बून्द पिलाकर इस राष्ट्रीय अभियान की शुरुआत की। साय ने अभिभावकों से आव्हान करते हुए कहा कि वे अपने बच्चों को दो बूंद जिंदगी की खुराक अवश्य पिलाये ताकि कोई भी बच्चा छूट न जाये। ज्ञात हो कि जशपुर जिले में राष्ट्रीय सघन पल्स पोलियो अभियान 3 मार्च 2024 को आयोजित किया जा रहा है। पल्स पोलियो अभियान तीन दिवस तक चलाया जायेगा। प्रथम दिवस 3 मार्च को पोलियो बूथ पर 0 से 5 वर्ष के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जायेगी। 04 एवं 05 मार्च को टीम सदस्यों द्वारा घर-घर जाकर छूटे हुए बच्चों को पोलियो पिलाया जायेगा। स्वास्थ्य केन्द्र एवं आगनबाड़ी केन्द्रों को पोलियो बूथ बनाया जायेगा एवं स्वास्थ्य कार्यकर्ता, आगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानीन के माध्यम से टीम का गठन किया गया है।

जिले के 1186 बूथों में 1186 टीम बनाया गया है, 4722 कार्यकर्ताओं द्वारा पल्स पोलियो अभियान में कार्य किया जायेगा 321 सुपरवाइजरों द्वारा बूथ एवं गृह भ्रमण की निगरानी की जा जायेगी। ट्रांजिट स्थल, बस स्टैंड, मेला.बाजार एवं संवेदनशील ईंट भट्ठा, निर्माणाधीन, क्षेत्र के लिए मोबाइल टीम गठित कर माइक्रोप्लान तैयार कर कार्यक्रम का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के लिए कलेक्टर द्वारा निर्देश दिये गये।

साथ ही समस्त विभाग डिस्ट्रिक टास्क फोर्स में दिये गये निर्देशानुसार पंचायत विभाग, शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, परिवहन विभाग, एवं अन्य विभाग आपसी समन्वय कर पल्स पोलियो अभियान को सफल बनाने के निर्देश दिये गये। 27 मार्च 2014 को भारत को पोलियो मुक्त देश का प्रमाण पत्र दिया जा चुका है। भारत में पोलियो वायरस पुन: प्रवेश न कर सके इसके लिए भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय पल्स पोलियो कार्यक्रम का आयोजन प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी 3 मार्च 2024 को किया जा रहा है। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ.एण्डी तिर्की ने बताया कि पल्स पोलियो अभियान अंतर्गत जिले में 0 से 5 वर्ष के अनुमानित लक्षित बच्चे 110439 जिसमें विकासखंडवार क्रमश: पत्थलगांव 22653, फरसाबहार 14499 कांसाबेल 8759, बगीचा 24613, कुनकुरी 13512,दुलदुला 5365, मनोरा 8412 जशपुर 12626 बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई जायेगी।

# खातों को आधार से लिंक कराने के लिए बैंकों में महिलाओं की भीड़

रायपुर। महतारी वंदन योजना के लिए आवेदन जमा करने के बाद अब महिलाओं को बैंकों के चक्कर काटना जरूरी हो गया है। जिन महिलाओं के बैंक खाते आधार से लिंक नहीं है उन्हें इस योजना के तहत महीने के एक हजार रुपए नहीं मिलेंगे



यानी उनके खाते में रकम ऑनलाइन ट्रांसफर नहीं होगी। ऐसे में जिन महिलाओं ने योजना के तहत आवेदन किया है उन्हें अब बैंकों में जाकर एक सामान्य फॉर्म के साथ अपना आधार कार्ड जमा करना पड़ रहा है। बैंक आधार कार्ड के सत्यापन के लिए उनका बायोमेट्रिक अंगूठे का निशान भी ले रहे हैं। इसके बाद ही खाता आधार से लिंक हो रहा है।

शहर में शुक्रवार को पुजारी भवन के सामने एसबीआई बैंक, पुलिस लाइन में कारपोरेशन बैंक, पुरानी बस्ती के लिली चौक के यूनियन बैंक समेत कई बैंकों में महिलाओं की भीड़ लगी रही। यह सभी महिलाएं अपना आधार खाते से लिंक कराने पहुंची थीं। भीड़ ज्यादा होने के कारणा उन्हें कापऊी देर बैंकों में लाइन लगाकर खड़ा रहना पड़ा। कई महिलाओं के अंगूठे कोक मशीन रीड नहीं कर पा रही थी। इस वजह से उन्हें दूसरे दिन आने को कहा गया। बैंकों में पहुंच रही महिलाएं उस समय और परेशान हो रहीं हैं जब उन्हें पता चला रहा है कि ज्वाइंट खाते में महतारी वंदन के तहत दी जाने वाली रकम नहीं आएगी। ये जानकारी मिलने पर कई महिलाओं ने नाराजगी भी जाहिर की। योजना की पहली किस्त 8 मार्च को आनी है। ऐसे में इतनी जल्दी खाता कैसे खुलेगा इसे लेकर उनके सामने परेशानी खड़ी हो गई है। हालांकि कई महिलाओं ने बताया कि जोन दफ्तर वाले ऐसी महिलाओं के लिए नया खाता खुलवा रहे हैं।

# राज्य सरकार ने दी रोजगार पंजीयन एवं नवीनीकरण के लिए ऑनलाइन सुविधा

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़ बिलाईगढ़।

कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू को जिला रोजगार एवं स्वरोजगर मागदर्शन अधिकारी ने विभागीय जानकारी में बताया कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने युवाओं को रोजगार पंजीयन एवं नवीनीकरण की ऑनलाइन सुविधा दी है। राज्य शासन की नई व्यवस्था के तहत वेबसाईट ई-रोजगार डॉट सीजी डॉट जीओवी डॉट इन पर जाकर अपना नवीनीकरण पंजीयन करा सकते हैं। संचालनालय रोजगार एवं प्रशिक्षण रायपुर ने नवीन ई-रोजगार पोर्टल प्रचलन में लाया है। वे आवेदक जो पूर्व में रोजगार कार्यालय के पुराने पोर्टल में पंजीकृत हैं उन्हें नया पंजीयन, नवीनीकरण, अतिरिक्त योग्यता दर्ज यदि करना है तो उक्त पोर्टल का प्रयोग कर सकते हैं। नए आवेदक इस पोर्टल का सीधे ही प्रयोग कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि ई.रोजगार पोर्टल पर पंजीयन हेतु महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए गए हैं,जिसके अंतर्गत यदि आवेदक पूर्व से ही प्रदेश के किसी भी जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र में पंजीकृत है तो दोबारा नया पंजीयन न करें। यदि वह अपने पंजीयन में किसी प्रकार का अपडेट अथवा नवीनीकरण करना चाहता है तो अपना पुराना पंजीयन क्रमांक डालकर आगे बढ़े। इसी प्रकार यदि आवेदक प्रदेश के किसी भी जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र में पूर्व में पंजीकृत नहीं है, तो नया पंजीयन बटन पर क्लिक करें। आवेदक पोर्टल में पंजीयन हेतु अपना मोबाईल नंबर दर्ज कर मोबाईल ओटीपी भेजें बटन पर क्लिक करें। तदुपरान्त मोबाईल पर प्राप्त ओटीपी की एंट्री कर मोबाईल ओटीपी सत्यापित कर बटन पर क्लिक करें। मोबाईल ओटीपी सत्यापित होने के पश्चात् आधार नंबर एवं आधार के अनुसार अंग्रेजी में अपना नाम दर्ज करें। आधार प्रमाणीकरण हेतु सहमति देवें, जिसके पश्चात् आधार ओटीपी भेजें बटन पर क्लिक करें। आधार में दर्ज मोबाईल नंबर पर प्राप्त आधार ओ.टी.पीकी एंट्री कर आधार ओटीपी सत्यापित कर बटन पर क्लिक करें। अन्य वांछित जानकारी भरकर सुरक्षित करें बटन पर क्लिक करें। इसके पश्चात् आवेदक को नया पंजीयन क्रमांक प्राप्त होगा एवं आवेदक के मोबाईल पर ई रोजगार डॉट सीजी डॉट जीओवी डॉट इन पोर्टल पर लॉग इन करने हेतु यूजर आईडी आवेदक का रजिस्टर्ड मोबाईल नंबर एवं पासवर्ड प्राप्त होगा। ई रोजगार पोर्टल पर लॉग.इन करने हेतु जॉब सीकर लॉग इन पर क्लिक कर मोबाईल नंबर पर प्राप्त यूजर आईडी आवेदक का रजिस्टर्ड मोबाईल नंबर पासवर्ड एवं कैप्चा कोड की एंट्री कर लॉगन इन पर क्लिक करना है। लॉग.इनके पश्चात् आवेदक को अपना डैशबोर्ड दिखाई देगा जिसमें आवेदक अपना पंजीयन पहचान.पत्र एक्स.10 कभी भी कहीं से भी प्रिंट कर प्राप्त कर सकता है। इस पहचान पत्र पर जिला रोजगार अधिकारी के हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं होगी। आवेदक पोर्टल पर अपना लॉग इन करके अपनी जानकारी केवल एक ही बार सुधार सकता है। जिसमें से आधार नंबर, मोबाइल नंबर, नाम एवं जन्मतिथि में परिवर्तन नहीं किया जा सकता। यदि आवेदक को अपना नाम या जन्मतिथि सुधरवाना है,तो सम्बंधित जिला रोजगार कार्यालय में संपर्क करना होगा। रोजगार कार्यालय भी एक बार ही किसी आवेदक के पंजीयन में सुधार कर सकते हैं। यदि त्रुटिवश रोजगार कार्यालय के द्वारा एक बार में ही सभी आवश्यक सुधार नहीं किये जा सके, तो रोजगार कार्यालय को संचालनालय स्तर पर अनुरोध करना होगा। रोजगार कार्यालय पुराने पोर्टल में पंजीकृत आवेदकों की जानकारी अपडेट करने के पहले ये सुनिश्चित कर लें कि उस आवेदक का नवीनीकरण इस माह में नहीं किया जाना है। यदि आवेदक का नवीनीकरण इस माह में अथवा पिछले दो माहों में लंबित है तो उस आवेदक के लिए नवीनीकरण के विकल्प का चयन करें। यदि पंजीकृत आवेदक अपना पासवर्ड भूल गया हो तो उसे वेब पोर्टल ई-रोजगार डॉट सीजी डॉट जीओवी डॉट इन पर जाकर जॉब सीकर लॉग इन पर क्लिक कर फॉरगेट पासवर्ड पर जाना होगा। तत्पश्चात् उसे अपने रजिस्टर्ड मोबाईल नंबर यूजर आईडी पर ओटीपी प्राप्त कर नया पासवर्ड बना सकते हैं।

# मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने किया जशपुर जिले वसियों के लिए स्वास्थ्य मितान हेल्पलाईन सहित कई कार्यक्रमों की शुरुआत

*लोगों को सहज सुविधा उपलब्ध कराने की पहल, स्वास्थ्य मितान हेल्प लाईन न.07703.2990030 किया जारी*

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

**मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश के हर वर्ग के नागरिकों के लिए बेहतर कार्य किया जा रहा है। सरकार की मंशा है कि सभी को सभी मूलभूत सुविधाएं सुलभ रूप से मुहैया कराई जाए।**




इसी के अनुरूप जशपुर जिले वसियों को प्रदेश के मुखिया एवं जशपुर के माटीपुत्र विष्णुदेव साय आमजनों को न सिर्फ सरकारी योजनाओं से लाभान्वित कर रहे हैं बल्कि सभी प्रकार की मूलभूत सुविधाएं भी मुहैया करा रहे हैं। इसी कड़ी में आज यहां अपने बगिया निवास में जशपुर जिले वसियों के लिए स्वास्थ्य मितान हेल्पलाईन सहित कई कार्यक्रमों की शुरुआत की। ताकि लोगों को सहज सुविधा उपलब्ध कराया जा सके। इस दौरान मुख्यमंत्री में स्वास्थ्य मितान हेल्प लाईन न. 07703 2990030 भी जारी किया।

इसके अलावा स्वास्थ्य महतारी सबकी जिम्मेदारी कार्यक्रम और वरिष्ठ नागरिकों के लिए नि:शुल्क वार्षिक स्वास्थ्य जांच कार्यक्रम की भी शुरुआत की। यह कार्यक्रम जिला प्रशासन, जशपुर और यूनिसेफकी पहल से चलाया जाएगा। जारी डेल्पलाईन नम्बर के माध्यम से जशपुर जिलेवासी एम्बुलेंस सुविधा, आयुष्मान कार्ड से संबंधित जानकारी, पंजीकरण, विशेष देखभार आदि से लेकर स्वास्थ्य लाभ के लिए है।

वरिष्ठ नागरिकों के लिये नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच सुविधा जो कि माननीय प्रधानमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना में प्रदेश के सभी वरिष्ठ नागरिको को मुफ्त वार्षिक स्वास्थ्य जांच सुनिश्चित करने के लिये है। जो हितग्राहियों को स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच प्रदान कर समय पर रेफ रल और सहायता प्रदान करती हैं। वही पल्स पोलियो अभियान के माध्यम से पोलियो पर जीत बरकरार रखने हेतु जिले भर में अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत 05 वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो की दो बूंद खुराक आज 3 मार्च 2024 से पिलाया जा हा है। जशपुर में कुल एक लाख 16 हजार से अधिक बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जा रही है। स्वस्थ महतारी सबकी जिम्मेदारी इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है कि जिले की प्रत्येक गर्भवती महिला तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाई जाए।



# परिणाम की चिंता किए बिना अपना बेस्ट देना ही सफलता का मूलमंत्र- ओ.पी चौधरी

## वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने छात्रों से की परीक्षा पर चर्चा, बढ़ाया मनोबल, छात्रों के सवालों के दिए जवाब

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

**वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी ने छात्रों को संदेश देते हुए कहा कि सफलता असफलता जीवन का हिस्सा है लेकिन व्यक्ति को लगातार अपनी काबिलियत पर काम करना चाहिए, व्यक्तित्व को मजबूत बनाना चाहिए, कठिन परिस्थितियों में सकारात्मक भाव से धैर्य के साथ अपना प्रयास जारी रखना चाहिए।**

ये गुण किसी भी व्यक्ति के लिए जीवन में सफल होने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से छात्रों को परीक्षा की तैयारियों को लेकर मार्गदर्शन दे रहे थे। उन्होंने बच्चों को बोर्ड परीक्षाओं के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि परिणाम की चिंता किए बगैर अपना बेस्ट देने पर फोकस करें। वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी ने कहा कि व्यक्ति को अपने भीतर ऐसे मानवीय गुणों का विकास करना चाहिए जो उसके सफलता के लिए सहायक हो। लक्ष्य के प्रति समर्पण और परिश्रम करने की क्षमता बढ़ानी चाहिए। उन्होंने कहा कि इससे



फर्क नही पड़ता कि आप असफल होते हो, अगर आप ईमानदारी से प्रयास करते हैं तो आगे बड़ी सफलता को जरूर प्राप्त करेंगे। उन्होंने अपनी शैक्षणिक और पारिवारिक पृष्ठभूमि पर चर्चा करते हुए बताया कि आईएएस बनने के लक्ष्य के साथ उन्होंने मेहनत की। परिस्थितियां कैसी भी हों, हमेशा अपना बेस्ट देने का प्रयास किया। इससे वे देश की सबसे कठिन परीक्षा पास करने में सफ ल रहे। आगे उन्होंने राजनीतिक जीवन में प्रवेश करने का निश्चय किया। इसके लिए भी लगातार मेहनत की। इस मौके पर उन्होंने छात्रों के सवालों के जवाब दिए चिन्मय डनसेना ने पूछा कि परीक्षा के एक दिन पहले होने वाले तनाव को कैसे दूर करें। वित्त मंत्री चौधरी ने कहा कि परीक्षा के दौरान तनाव स्वाभाविक है। लेकिन आप यह ध्यान रखें कि पूरे साल भर के मेहनत का सार परीक्षा के 3 घंटों में निकलता है। इसलिए अपना मन शांत रखें और उन 3 घंटों में शांत चित्त से अपना बेस्ट देने पर फोकस करें। परिणाम की चिंता



**छात्रों को अपनी काबिलियत बढ़ाने वाले गुणों पर करना चाहिए काम**

**छात्रों से कहा कि मेहनत ऐसा करो कि आपका हस्ताक्षर एक दिन ऑटोग्राफ बन जाए**

मत करें। इससे चिंता और तनाव के कारण होने वाली गलतियों की संभावनाएं भी काफी कम हो जाएंगी। गीता में भी कहा गया है कि व्यक्ति को कर्म करने चाहिए फल की चिंता नहीं करनी चाहिए। प्रयास अच्छा है तो परिणाम भी अच्छा होगा। सिर्फ टॉपर होना या स्कूल में अच्छे परसेंटेज लाना ही जीवन में सफलता की गारंटी नहीं है। कई सफल लोग अपनी स्कूली और कॉलेज की पढ़ाई में असफल हुए लेकिन जीवन में उन्होंने सफलता के कीर्तिमान रचे और जीनियस कहलाए। रामानुजन 12 वीं की परीक्षा में फेल हो गए थे, लेकिन आगे चल कर वे महान गणितज्ञ बने। मुंशी प्रेमचंद अपने प्रतिभा से शीर्ष साहित्यकारों में शुमार हुए। बिल गेट्स और स्टीव जॉब्स कॉलेज ड्रॉपआउट थे। लेकिन उन्होंने अपनी काबिलियत से जो काम किया आज वो इतिहास है। एक छात्र ने जब वित्त मंत्री ओ पी चौधरी से पूछा कि वे अपना सिलेबस रिवीजन कैसे करते थे तो उन्होंने बताया कि नोट्स बनाकर पढ़ने से रिवीजन अच्छा होता है। नोट्स ऐसा हो जिस पर एक नजर मारने से पूरा चैप्टर क्लियर हो जाए। रिवीजन परीक्षा की तैयारी का अहम हिस्सा है।

### इमोशनल इंटेलिजेंस भी सफलता के लिए बेहद जरूरी

प्राची गुप्ता ने पूछा कि आज आईक्यू के साथ इक्यू को भी सफलता के लिए जरूरी बताया जाता है, यह क्या होता है। वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी ने इस आज के समय में इक्यू को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि आईक्यू बुद्धिमत्ता को दर्शाता है। वहीं इक्यू भावनात्मक गुणांक को बताता है। आज इमोशनल इंटेलिजेंस बहुत जरूरी है। यह विचार को लेकर भावनात्मक समझ और नकारात्मकता से निपटने में व्यक्ति की योग्यता को बढ़ाता है। यह बताता है कि हम अपने व्यक्तित्व को किस तरह से लेकर चल रहे हैं। किसी व्यक्ति का ईक्यू अच्छा होगा तो वह मन में आने नेगेटिव विचार के कारणों को समझ कर उसे दूर करने के लिए सही कदम उठा पाएगा। कठिन परिस्थिति में व्यक्तित्व बिखरेगा नहीं बल्कि उचित निर्णय ले पाएगा।

### पालक भी समझें बच्चों की योग्यता, अनावश्यक न लादें उम्मीदों का बोझ

निधि बघेल ने पूछा कि कई बार माता-पिता और शिक्षकों के उम्मीदों के अनुरूप प्रदर्शन करने को लेकर दबाव महसूस होता है, इसे कैसे दूर करें। इस पर वित्त मंत्री श्री ओ पी चौधरी ने कहा कि छात्र अपना बेस्ट दें और मन में यह भाव रखें कि मैंने अपनी क्षमता और योग्यता ने अनुरूप पूरा प्रयास किया है। कई बार परिणाम ऊपर नीचे हो सकते हैं। लेकिन इसको लेकर अनावश्यक दबाव नहीं लेना चाहिए। उन्होंने पालकों से भी अपील करते हुए कहा कि बच्चों की क्षमता को समझें। उसे बढ़ाने के लिए उनका मनोबल बढ़ाएं। उन पर उम्मीदों का बोझ बिलकुल न लादें। उन्हें हाई परसेंटेज लाने का प्रेशर न डालें। बच्चों को सकारात्मक माहौल देंगे और उनका आत्मविश्वास बढ़ाते रहेंगे तो वे उम्मीद से ज्यादा अच्छा प्रदर्शन करेंगे।

### प्रयास संस्था और नालंदा परिसर से बच्चों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी की मिलेगी सुविधा

*वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी ने बच्चों को आगे क्लैट, यूनिवर्सिटीज के एंट्रेंस एग्जाम के साथ प्रतियोगी परीक्षाओं को लेकर जागरूक रहकर परीक्षा की तैयारी करने और उसमें शामिल होने की बात कही। उन्होंने बताया कि रायगढ़ में प्रयास संस्था खुलने जा रही है। पहली बार संभागीय मुख्यालय से बाहर रायगढ़ में यह संस्था खुलने जा रही है। यहां 11 वीं और 12 वीं के छात्रों को स्कूली शिक्षा के साथ आईआईटी, मेडिकल एंट्रेंस नीट जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी की निःशुल्क सुविधा भी मिलेगी। यह एक आवासीय संस्था होगी। साथ ही यहां नालंदा परिसर भी खुलने जा रहा है। इन सुविधाओं से यहां के बच्चों को प्रतियोगी परीक्षा की तैयारियों के लिए अच्छा माहौल मिलेगा। उन्होंने छात्रों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि मेहनत ऐसा करो कि आपका हस्ताक्षर एक दिन ऑटोग्राफ बन जाए।*

---

**एक नजर**

## चांपा के सरस्वती शिशु मंदिर में हुआ पूर्व छात्र छात्राओं का सम्मेलन

### एक मुकाम हासिल कर चुके यहां के छात्रों ने शामिल होकर सहयोग करने की घोषणा



**चांपा।** नगर के हृदय स्थल में स्थित सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चांपा में सरस्वती शिक्षा संस्थान की योजनानुसार मेरा विद्यालय मेरा तीर्थ कार्यक्रम के अनुक्रम में सरस्वती सेवा मंडल एवं सरस्वती शिशु मंदिर के पूर्व छात्र छात्राओं के संयुक्त तत्वावधान में 25 फरवरी 2024, रविवार को पूर्व छात्र सम्मेलन आयोजित हुआ । उद्घाटन सत्र का शुभारम्भ माँ सरस्वती, भारत माता एवं प्रणव (?) के तैल्यचित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन से हुआ । दीप प्रज्जवलन पश्चात सरस्वती वंदना, अतिथियों का स्वागत एवं परिचय, प्राचार्य अश्विनी कश्यप द्वारा प्रस्तावना, मुख्य अतिथि व्यास कश्यप जी (विधायक चांपा विधानसभा) द्वारा उदबोधन, मुख्य वक्ता डॉ. देवनारायण साहू (संगठन मंत्री सरस्वती शिक्षा संस्थान छत्तीसगढ़ प्रान्त) द्वारा पूर्व छात्र सम्मेलन का महत्व, तिलभाण्डेश्वर बाल कल्याण समिति के सचिव डॉ. शांति कुमार सोनी द्वारा अध्यक्षीय आशीर्वचन, तत्पश्चात प्रथम आठवीं उत्तीर्ण 1989 बैच के पूर्व छात्र भैया बहिनों का सम्मान, पूर्व आचार्य एवं दीदीयों का सम्मान, सरस्वती सेवा केंद्र के बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम संपन्न हुआ ।

मंच पर मुख्य अतिथि व्यास कश्यप, डॉ. देवनारायण साहू, तिलभांडेश्वर बाल कल्याण समिति के माननीय अध्यक्ष हनुमान कुमार देवांगन, सचिव डॉ. शांति कुमार सोनी, प्राचार्य अश्विनी कश्यप, परिचय मिश्रा (प्रान्त संयोजक पूर्व छात्र परिषद्) उपस्थित रहे । समापन सत्र में पूर्व छात्रों के द्वारा अनुभव कथन का कार्यक्रम हुआ जिसमें अनेकों पूर्व छात्र भैया बहिनों ने अपने अनुभवों को सभी के मध्य साझा किया । मंचासीन मुख्य अतिथि व्यास कश्यप ने कहा जो संस्कार शिशु मंदिर के बच्चों में देखने को मिलता है शायद ही कहीं हमें देखने को मिलता होगा । उन्होंने कहा कि मैं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का एक स्वयंसेवक हूँ और सामान्य कृषक परिवार से आता हूँ साथ ही सामान्य लोगों के मध्य रहना पसंद करता हूँ इसी कारण मैं आज विधायक के रूप में आपके सामने हूँ । उन्होंने कहा मैं मानसिक रूप से आज भी संघ की विचारधाराओं को आत्मसात करके रखा हूँ ।

## वन विभाग की लापरवाही बनी काल, युवक को हाथी ने रौंदा, सवालों के घेरे में वन अमला

**सरगुजा** । जिले में लुंड्रा वन परिक्षेत्र में वन विभाग की लापरवाही सामने आई है. जहां दंतैल हाथी के हमले से ग्रामीण की मौत हो गई. घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया है. वहीं लोगों में काफी गुस्सा भी देखने को मिल रहा है.

बता दें कि पूरा मामला लुंड्रा वन परिक्षेत्र के झेराडीह का है. जहां पिता-पुत्र गेंहू के खेत में सिंचाई कर वापस आ रहे थे. इसी दौरान हादसा हुआ है. वहीं घटना की सूचना पर वनकर्मी और पुलिस टीम मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया. पुलिस टीम की मौजूदगी में ग्रामीणों की मदद से शव को उसके घर लाया गया.

जानकारी के अनुसार, घटना के बाद वन विभाग मुआवजे देने की बात कह रहा है. घटना के बाद लोग सवाल खड़ा कर रहे हैं कि आए दिन हो रहे हादसों के बाद भी वन विभाग इस पर रोक लगाने के लिए क्या कर रहा है.

## कैंप 1 में पकड़ाया पीडीएस चावल

**भिलाई नगर-रायपुर** । औद्योगिक क्षेत्र के हाउसिंग बोर्ड में गुरूद्वारा के पास लगभग 25 बोरियों में पीडीएस चावल लेकर जा रहे लोगों को भाजपा कार्यकर्ता अवतार सिंह गिल और रोहित यादव ने रोक कर थाना ले गए थे। आज एक बार फिर से कैम्प-1 संग्राम चौक में पीडीएस चावल की बोरियां पकडाई है।

पूछताछ में ड्राइवर ने बताया कि यह चावल पीडीएस का है जिसे किसी राहुल गुप्ता उर्फनिक्की के कहने पर गाड़ियों में भर कर बोरियां बदलने ले जाया जा रहा था। इसी दौरान भाजपा के कार्यकर्ता अवतार सिंह गिल और रोहित यादव की नजर पड़ी और उन्होंने संग्राम चौक के पास एक घर के भीतर चावल की लगभग 30 बोरियां देख पुलिस को खबर की। बोरियों को लादने खड़े वाहन को भी रोक लिया गया है।

---

## शहर कांग्रेस कमेटी ने किया केंद्र सरकार का विरोध



**चांपा।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार व जिला कांग्रेस कमेटी के आदेशानुसार 2 मार्च को केंद्र की मोदी सरकार की गलत नीतियों बढ़ती महंगाई के खिलाफ हटरी बाजार चाम्पा में नगर के कांग्रेजनो ने जमकर विरोध किया व केंद्र सरकार हाय हाय, मोदी सरकार इस्तीफा दो, बहोत हुई महंगाई की मार, होश में आओ मोदी सरकार, के नारों के साथ भारी आक्रोश कांग्रेसजनो के साथ आम जनता में भी दिखा और और हटरी बाजार में खरीदारों ने भी अपना विरोध जताया। विरोध प्रदर्शन में मुख्य रूप से नगर कांग्रेस कमेटी के कार्य. अध्यक्ष सुनील साधवानी, नगर पालिका अध्यक्ष जय थवाईत, वरिष्ठ कांग्रेसी उपकार सिंग ढिल्लो, हरदयाल तंवर, समद बेग, अनिल मोदी, पार्षद जिला प्रवक्ता नागेंद्र गुप्ता, डुग्गु प्रधान, एल्डरमैन अनिल गुप्ता, शिवशंकर निषाद, श्यामलाल देवांगन, विष्णु गाड़ा, जीवन बंजारे, संजय साधवानी, जफर अंसारी, राम साधवानी, सुमित चौहान इतवारी यादव, मुकेश साधवानी, तिहारुराम, तेरस यादव, गुड्डु पटेल, बसंत भार्गव, छबिलाल पटेल, वीरू कश्यप, देवलाल, अर्जुन मार्कण्डेय, खिकदास साहू सहित हरी बाजार में कार्यकर्ता भारी संख्या में उपस्थित रहे। संचालन कार्य अध्यक्ष सुनील साधवानी ने लहसुन की माला पहनकर किया व आभार अनिल मोदी ने किया।

## समग्र शिक्षा अभियान अंतर्गत बच्चों का कराया गया शैक्षणिक भ्रमण, बच्चों ने दिखाई विशेष रुचि

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़ ।

राष्ट्रीय आविष्कार अभियान अंतर्गत प्रारंभिक स्तर के बच्चों का स्थानीय दर्शनीय स्थलों का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। विभिन्न विकासखंडों से आए हुए 200 बच्चों को रायगढ़ के पुरातात्विक संग्रहालय, कोसमनारा स्थित बाबा धाम, कलेक्ट्रेट परिसर, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान आदि का भ्रमण कर उनकी कार्यप्रणाली से अवगत कराया गया। आईटीआई में मशीनों के संचालन तथा कलपुर्जे की डिजाइन में विशेष रुचि दिखाई। संस्थान के उप प्राचार्य नागेश के द्वारा विस्तार से संस्थान में संचालित कोर्स के विषय में बताया। भ्रमण के अंत में बाबा धाम स्थित गार्डन में बच्चों के लिए झूले तथा मनोरंजन की व्यवस्था की गई। भ्रमण के अंत में सभी बच्चों को जिला शिक्षा अधिकारी बी बाखला तथा समग्र शिक्षा



अभियान के डीएमसी नरेंद्र चौधरी, कार्यक्रम के जिला नोडल अधिकारी आलोक स्वर्णकार, वरिष्ठ एपीसी भुवनेश्वर पटेल तथा भूपेद्र पटेल के द्वारा संबोधित किया गया।


कलेक्टर परिसर में भ्रमण के दौरान डिप्टी कलेक्टर शर्मा के द्वारा भी बच्चों को संबोधित कर कलेक्टर की कार्य प्रणाली से अवगत कराया गया। कलेक्टर परिसर के भ्रमण दौरान कई बच्चो ने आगे चलकर कलेक्टर बनने की मंशा जाहिर की। भ्रमण पश्चात बच्चों से प्रतिक्रिया लिए जाने पर सभी बच्चों के द्वारा इस प्रकार के भ्रमण कार्यक्रम की सतत रूप से होने के लिए कहा। भ्रमण के दौरान बीआरसी मनोज अग्रवाल सीएससी श्री राजकमल पटेल, विकास पटेल, जगत राम जाफरी, सौरभ पटेल ईश्वर प्रसाद पटेल सभी विकासखंडों से आए हुए प्रभारी शिक्षक ने सहयोग प्रदान किया। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय आविष्कार अभियान अंतर्गत प्रारंभिक स्तर के बच्चों का स्थानीय स्तर तथा सेकेंडरी स्तर के बच्चों का जिले से बाहर भ्रमण कराया जाता है। इस वर्ष विभिन्न विकास खंडों के 200 बच्चों को स्थानीय स्तर पर भ्रमण कराया गया।




## राधेश्याम राठिया को लोकसभा प्रत्याशी बनाये जाने पर राजसभा सांसद कुमार देवेंद्र प्रताप सिंह ने दी बधाई

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

भारतीय जनता पार्टी ने आगामी लोकसभा चुनावों के लिए 195 लोकसभा उम्मीदवारों की अपनी पहली लिस्ट जारी कर दी है लिस्ट में पीएम मोदी समेत 34 केंद्रीय मंत्रियों के नाम शामिल हैं भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े ने प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए बताया कि पीएम मोदी की अध्यक्षता में 29 फरवरी को हुई पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में 16 राज्यों और 2 केंद्र शासित प्रदेशों की लोकसभा सीटों के लिए उम्मीदवारों के नाम फाइनल किए गए थे। जिसकी घोषणा उन्होंने किया जिसमें छत्तीसगढ़ की 11 कि 11 सीटों की घोषणा हुआ



जिसमें रायगढ़ लोकसभा से राधेश्याम राठिया को भाजपा से उम्मीदवार बनाये जाने पर नवनिर्वाचित राजसभा सांसद कुमार देवेंद्र प्रताप सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अमित शाह व राष्ट्रीय और प्रदेश नेतृत्व का आभार व्यक्त किया साथ उन्होंने राधेश्याम राठिया को अपनी बधाई एवं शुभकामनाओं के साथ जीत कि अग्रिम बधाई भी दिया। कुमार देवेंद्र प्रताप सिंह सिंह ने आगे कहा



कि मोदी की गारंटी पर देश को भरोसा है इसीलिए आज हर जगह 400 पार का नारा लग रहा लोकसभा में भी मोदी गारंटी चलेगी। उन्होंने कहा किए मुझे पूरा विश्वास है जिस प्रकार से विधानसभा चुनाव में भाजपा जीत दर्ज की है, वैसी ही जीत लोकसभा चुनाव में भी जीत मिलेगी और हम प्रदेश की 11 की 11 लोकसभा सीटें जीतेंगे।

## सबको करें जागरूक, कोई भी बच्चा ना छूटे पोलियो की दवा खुराक से-एसपी दिव्यांग पटेल

### एसपी पटेल एवं सीईओ जिला पंचायत यादव ने की पल्स पोलियो अभियान की शुरुवात

0-5 साल तक के सभी बच्चों को पोलियो की दवा खुराक पिलाने की अपील

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल एवं सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव ने आज रायगढ़ के शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र गांधीनगर में बच्चों को पोलियों दवा की दो बूंद पिलाकर राष्ट्रीय सघन पल्स पोलियो अभियान की शुभारंभ की। पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल ने पालकों को संबोधित करते हुए कहा कि जिस तरह आप जागरूक होकर बच्चों को पोलियों की ड्रॉप पिलाने पहुंचे है, इसी प्रकार अपने आस-पास के लोगों को भी जागरूक करें। कोई भी बच्चा पोलियों की ड्रॉप लेने से नही छूटना चाहिए। स्वास्थ्य कर्मी हमारे स्वास्थ्य के





लिए कार्य करते है, तो हमारा भी कर्तव्य बनता है कि उनका सहयोग करें। सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव ने भी बच्चों को पोलियों की दवा की ड्रॉप पिलाने की अपील की। इस दौरान जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ.बी.पी.पटेल ने पल्स पोलियो अभियान के संबंध के विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर पार्षद नीलम रज्जू संजय, डबल्यूएचओ डॉ.प्रशांत,



प्रभारी चिकित्सा अधिकारी गांधीनगर डॉ.जी.एस.पैकरा, आरएमएनसीएच सलाहकार डॉ.राजेश मिश्रा, शहरी कार्यक्रम प्रबंधक पीडी बस्तिया सहित स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे।

1303 बूथ के माध्यम से 1 लाख 34 हजार 297 बच्चों को दी जाएगी पोलियो की खुराक

जिले में तीन दिवसीय अभियान तहत शून्य से 0-5 साल तक के 1 लाख 34 हजार 297 बच्चों को पोलियो की दवा की खुराक दी जायेगी। जिसके लिए 1303 बूथ बनाया गया है, साथ ही 19 ट्रांजिट टीम, 13 मेला बाजार स्थल एवं 25 मोबाईल दल, जिसमें कुल 2730 सदस्य एवं 283 पर्यवेक्षक पल्स पोलियों अभियान में शामिल है। पहले दिन 03 मार्च को बूथ स्तर पर पोलियो की दवा पिलाई गई। इसी प्रकार 04 तथा 05 मार्च को बूथ गतिविधियों में छूटे हुए बच्चों को टीकाकरण टीम के द्वारा घर-घर भ्रमण कर बच्चों को पोलियो की दवा की खुराक दी जाएगी।

## तेरा क्या होगा लवली का मजेदार ट्रेलर हुआ रिलीज




इलियाना डिक्रुज की अपकमिंग फिल्म तेरा क्या होगा लवली का मजेदार ट्रेलर रिलीज हो गया है. कॉमेडी और ड्रामे से भरपूर फिल्म का ट्रेलर हंसा-हंसाकर लोटपोट कर देने वाला है. फिल्म में इलियाना के साथ रणदीप हुड्डा अहम किरदार अदा करने वाले हैं. दोनों के बीच खिट-पिट से लेकर रोमांटिक सीन्स देखे जा सकते हैं.

ट्रेलर की शुरुआत इलियाना डिक्रुज के कैरेक्टर से होती है जिनकी फोटो को एडिटिंग के जरिए गोरा किया जा रहा है. दरअसल फिल्म में इलियाना के कैरेक्टर का नाम तो लवली है लेकिन असल में उनका रंग काफी सांवला है. उनकी सांवली रंगत की वजह से उनकी रिश्ता तो नहीं होता लेकिन उनकी दहेज जरूर चोरी हो जाता है.



# अंजलि तत्रारी को वंशज में अपना नया लुक पसंद आया

**शो वंशज में युविका की सरल भूमिका निभाने वाली अभिनेत्री अंजलि तत्रारी अब शो में बोल्ड अवतार में दिख रहीं हैं। शो में एक साल के लीप और अपने किरदार युविका की चौंकाने वाली मौत के बाद अंजलि ने युविका की हमशक्ल युक्ति मुल्तानी के किरदार में अपनी नई यात्रा शुरू की है।**

शो में पहले युविका के रूप में अंजलि को एक साधारण अवतार में देखा गया था, जिसमें वह भारतीय परिधान पहनती थीं, लेकिन अब वह इसके विपरीत बोल्ड अवतार में नजर आ रही हैं। वह अब ब्लेजर और कई तरह की एलीगेंट ड्रेस में नजर आती हैं।

अपने नए लुक को लेकर अंजलि ने कहा, युक्ति का किरदार निभाना मेरे लिए एक बड़ा बदलाव है। मैं इसको लेकर बेहद उत्साहित हूं। युक्ति के रूप में मेरा नया लुक युविका से बिल्कुल अलग है। युविका का किरदार बेहद साधारण था। मगर युक्ति शो में बोल्ड अंदाज में दिख रही है। वह ट्रेंडी आउटफिट पहन रही है।

उन्होंने कहा, एक कलाकार के रुप में अलग-अलग लुक को अपनाना अविश्वसनीय रूप से रोमांचक है। मुझे इसका हर हिस्सा पसंद आ रहा है। युक्ति का स्वैग और बॉस लेडी वाइब कुछ ऐसी चीजें हैं, जिन्हें चित्रित करने में मुझे मजा आ रहा है। वंशज सोनी सब पर प्रसारित होता है।

# निक्की तंबोली की लेटेस्ट हॉट लुक्स से इंटरनेट पर मची सनसनी

### किलर अवतार देख फैंस एक बार फिर हैरान

**बिग बॉस फेम निक्की तंबोली आए दिन अपने बोल्ड लुक्स के कारण चर्चाओं में रहती हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी खूबसूरती पर अक्सर अपना दिल हार जाते हैं।**

हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट हॉट लुक्स से इंटरनेट पर सनसनी मचा दी है। इन तस्वीरों में उनका कातिलाना अवतार देखकर फैंस का एक बार फिर दिल मचल गया है। अपने चुलबुले अंदाज से बिग बॉस में लोगों का दिल जीतने वाली एक्ट्रेस निक्की तंबोली आए दिन सोशल मीडिया पर अपनी बोल्ड फोटोज शेयर करती रहती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस निक्की तंबोली ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर की है। इन तस्वीरों में उनका किलर अवतार देखकर फैंस एक बार फिर हैरान हो गए हैं। निक्की तंबोली ने अपनी इन फोटोज में बेहद ही स्टाइलिश ब्लैक कलर की साड़ी पहनी हुई है, जिसमें वो बेहद खूबसूरत और ग्लैमरस नजर आ रही हैं। बता दें कि एक्ट्रेस निक्की तंबोली अपने बोल्ड लुक्स से फैंस को इस कदर कायल कर देती हैं कि उनकी हर फोटोज फैंस के बीच ट्रेंड करने लगती हैं। इन फोटोज में आप देख सकते हैं निक्की तंबोली ने कैमरे के सामने अपना कर्वी फिगर फ्लॉन्ट करते हुए एक से बढ़कर एक किलर पोज देते हुए हॉट फोटोशूट करवाया है। बालों को ओपन वेवी कर्ल में स्टाइल कर के और साथ ही लाइट मेकअप के साथ एक्ट्रेस निक्की तंबोली ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। निक्की तंबोली ने इन फोटोज को पोस्ट करते हुए कैप्शन में लिखा है- ऐसी उलझी नजर उनसे हटती नहीं।



# लव सेक्स और धोखा 2 की नई रिलीज डेट का हुआ ऐलान, 19 अप्रैल को सिनेमाघरों में देगी दस्तक




एकता आर कपूर की अपकमिंग फिल्म एलएसडी 2 पिछले लंबे समय से चर्चा में बनी हुई है. वहीं अब फिल्म को लेकर एक लेटेस्ट अपडेट सामने आई है. एक बार फिर फिल्म की रिलीज डेट बदल दी गई है. फिल्म का एक बेहद दिलचस्प मोशन पोस्टर भी जारी किया गया था, जिसके बाद मेकर्स ने फिल्म के नई रिलीज डेट की घोषणा भी कर दी है. नए पोस्टर को शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा है कि ये वैलेंटाइन डे आसान नहीं, बस इतना समझ लीजिए, लव सेक्स और धोखे का दरिया है और डूब के जाना है... बता दें कि अब ये फिल्म 19 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार हैं. पोस्टर की बात करें तो एक धड़कता हुआ दिल नजर आ रहा है जिलमें कई सारे सोशल मीडिया ऐप्स के आइकन देखने को मिल रहे हैं. फिल्म का ये रोमांचक पोस्टर खूब वायरल हो रहा है. पोस्ट पर कमेंट्स की बाढ़ आ गई है. किसी एक यूजर ने कमेंट में लिखा कि पोस्टर काफी अमेजिंग लग रहा है. फिल्म का अब और इंतजार नहीं किया जा सकता.. तो कई लोगों ने फिल्म की हीरोइन को लेकर भी सवाल किए. वहीं जबसे इस मूवी की घोषणा हुई हैं, तभी से फैंस इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं. वहीं फिल्म को लेकर दर्शकों के बीच गजब का क्रेज देखने को मिल रहा है.

बता दें कि एलएसडी 2 रिश्तों की जटिलताओं की खोज करती है और इंटरनेट के जमाने में मॉडर्न लव के छिपे पहलुओं को उजागर करती है।

# सारा अली खान की ऐ वतन मेरे वतन का टीजर जारी, करण जौहर ने बताई कहानी




प्राइम वीडियो ने बेहद टैलेंटेड फिल्म मेकर करण जौहर के साथ, आज उनकी आने वाली अमेजन ऑर्जिनल की मच अवेटेड ऐ वतन मेरे वतन का बेहद दमदार टीजर रिलीज कर दिया है. ऐसे में अब इस ट्रेलर के लिए दर्शकों का उत्साह सातवें आसमान पर पहुंच गया है. ऐ वतन मेरे वतन का ट्रेलर 4 मार्च को जारी किया जाएगा। भारत के कुछ अनजाने हीरो और उनकी अनजानी कहानियों को समर्पित ,करण जौहर दर्शकों के सामने उषा को कहानी पेश की है, जो सिर्फ 22 साल हैं. वह बहादुर लड़की है, जिसने 1942 के क्विट इंडिया मूवमेंट के दौरान देश के लिए अनोखी बहादुरी और गहरी देश भक्ति का प्रदर्शन किया. ऊषा ने एक गुप्त रेडियो का इस्तेमाल करके देश को ब्रिटिश राज के खिलाफ एक करने की कोशिश की थी.

# वरुण धवन और जाह्नवी कपूर फिर आए साथ, सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी में बनी जोड़ी




पिछले काफी समय से खबरें आ रही थीं कि जाह्नवी कपूर और वरुण धवन एक फिल्म के लिए साथ आ रहे हैं।बीते दिन खुद धर्मा प्रोडक्शन एक वीडियो साझा कर लव स्टोरी की ओर इशारा किया था और अब आखिरकार उन्होंने अपनी इस फिल्म का ऐलान कर दिया है।फिल्म का नाम है सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी। फिल्म का निर्देशन शशांक खैतान कर रहे हैं।आइए जानते हैं क्या कुछ जानकारी मिली है। धर्मा प्रोडक्शंस ने सोशल मीडिया पर फिल्म का टीजर साझा किया। नाम के साथ-साथ इसकी रिलीज तारीख की घोषणा भी कर दी गई है।पोस्ट में लिखा है, आपका सनी संस्कारी अपनी तुलसी कुमारी को पाने की राह पर है। मनोरंजन से भरपूर यह प्रेम कहानी बड़े पर्दे पर आ रही है। सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी 18 अप्रैल, 2025 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी।बता दें कि वरुण और जाह्नवी पिछली बार फिल्म बवाल में साथ दिखे थे।

वरुण को करण फिल्म स्टूडेंड ऑफ द ईयर से बॉलीवुड में लाए थे। दोनों हम्प्टी शर्मा की दुल्हनिया, बद्रीनाथ की दुल्हनिया, कलंक जैसी फिल्मों के लिए भी साथ आए।उन्होंने आखिकरी बार जुग जुग जियो में साथ काम किया था।उधर जाह्नवी को करण ने धड़क से बॉलीवुड के दर्शन कराए थे। फिर दोनों ने घोस्ट स्टोरीज और गुंजन सक्सेना- द कारगिल गर्ल में साथ काम किया। जाह्नवी की फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही के निर्माता भी करण ही हैं।

## खेल




**वेलिंगटन। ऑस्ट्रेलिया ने न्यूजीलैंड को टेस्ट सीरीज के पहले मुकाबले में 172 रन से हरा दिया। 369 रन के टारगेट के सामने न्यूजीलैंड चौथे दिन अपनी दूसरी पारी में 196 रन ही बना सका। पहली पारी में 174 रन की नॉटआउट पारी खेलने वाले कैमरन ग्रीन प्लेयर ऑफ द मैच रहे। पहली पारी में ऑस्ट्रेलिया ने 383 और न्यूजीलैंड ने 179 रन बनाए थे। दूसरी पारी में ऑस्ट्रेलिया 164 रन पर सिमटा लेकिन कीवी टीम भी 196 रन ही बना सकी। वेलिंगटन के बेसिन रिजर्व पार्क स्टेडियम में पहला मुकाबला जीतकर ऑस्ट्रेलिया ने सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है। दूसरा टेस्ट 8 मार्च से क्राइस्टचर्च में खेला जाएगा।**

# ऑस्ट्रेलिया ने 172 रन से जीता वेलिंगटन टेस्ट

### दूसरी पारी में न्यूजीलैंड 196 पर ऑलआउट; कैमरन ग्रीन प्लेयर ऑफ द मैच

न्यूजीलैंड की हार के साथ वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के पॉइंट्स टेबल में भारत टॉप पर पहुंच चुका है। न्यूजीलैंड दूसरे स्थान पर पहुंच गया और ऑस्ट्रेलिया तीसरे नंबर पर बरकरार है।

### चौथे दिन टिक नहीं सकी होम टीम

न्यूजीलैंड ने चौथे दिन 111/3 के स्कोर से अपनी दूसरी पारी आगे बढ़ाई। टीम से रचिन रवींद्र ने 56 और डेरिल मिचेल ने 12 रन बनाकर अपनी पारी आगे बढ़ाई। रचिन 59 रन बनाकर जल्दी पवेलियन लौट गए। उनके बाद तो टीम को 2 लगातार झटके और लग गए। ग्लेन फिलिप्स ने एक रन बनाया और टॉम ब्लंडेल तो खाता भी नहीं खोल सके। डेरिल मिचेल ने स्कॉट कुगलेइन के साथ टीम का स्कोर 150 रन के पार पहुंचाया। कुगलेइन 26 रन बनाकर आउट हुए, उनके बाद मैट हेनरी 14 और टिम साउदी 7 ही रन बना सके। आखिर में मिचेल 130 बॉल में 38 रन बनाकर आउट हुए और टीम 196 रन पर सिमट गई। रचिन रवींद्र चौथे दिन ज्यादा देर नहीं टिक सके और न्यूजीलैंड टीम बैकफुट पर पहुंच गई।




### लायन को 6 विकेट

वेलिंगटन पिच को समझने में दोनों ही टीमों ने गलती की और एक्स्ट्रा पेसर को मौका दिया। पिच पर दूसरे ही दिन से टर्न देखने को मिला। ऑस्ट्रेलिया से पहली पारी में 4 विकेट लेने वाले नाथन लायन ने दूसरी पारी में 6 विकेट झटक लिए। पार्ट टाइम ऑफ स्पिनर ट्रैविस हेड को भी एक सफलता मिल गई। एक विकेट कैमरन ग्रीन ने लिया, वहीं 2 सफलताएं जोश हेजलवुड को भी मिलीं।

### WTC में टॉप पर पहुंची टीम इंडिया

*ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हार के साथ न्यूजीलैंड को वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के पॉइंट्स टेबल में भी नुकसान हुआ। टीम के अब तीसरी सीरीज में 60% पॉइंट्स हो गए। जबकि टीम इंडिया के 64.58% पॉइंट्स हैं। भारत को अब 7 मार्च से इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज का आखिरी मुकाबला खेलना है। इसे जीतकर टीम टॉप पर अपनी पोजिशन मजबूत कर सकती है।*

## एक नजर

### सनराइजर्स के बॉलिंग कोच बने जेम्स फ्रैंकलिन:डेल स्टेन की जगह लेंगे

#### मार्करम की जगह पैट कमिंस बन सकते हैं नए कप्तान



न्यूजीलैंड के पूर्व ऑलराउंडर जेम्स फ्रैंकलिन IPL में सनराइजर्स हैदराबाद के नए कोच होंगे। वह साउथ अफ्रीका के दिग्गज डेल स्टेन की जगह लेंगे। स्टेन ने निजी कारणों के चलते टूर्नामेंट से अपना नाम वापस ले लिया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, सनराइजर्स टीम अपना कप्तान भी बदल सकती है। साउथ अफ्रीका के ऐडन मार्करम की जगह ऑस्ट्रेलिया के पैट कमिंस नए कप्तान बन सकते हैं।

#### मुंबई इंडियंस से IPL खेल चुके हैं फ्रैंकलिन

जेम्स फ्रैंकलिन ने 2011 और 2012 में मुंबई इंडियंस के लिए IPL में हिस्सा लिया था। वह IPL में पहली बार कोचिंग करते नजर आएंगे। फ्रैंकलिन अपने ही देश के पूर्व स्पिनर डेनियन विटोरी के साथ काम करेंगे। विटोरी इस सीजन के लिए हैदराबाद के नए हेड कोच बनाए गए। उन्होंने वेस्टइंडीज के ब्रायन लारा की जगह ली। फ्रैंकलिन और विटोरी इससे पहले काउंटी टीम मिडलसेक्स और द हंड्रेड की टीम बर्मिंघम फीनिक्स में भी साथ काम कर चुके हैं। फ्रैंकलिन डरहम के हेड कोच भी रह चुके हैं, वह फिलहाल पाकिस्तान सुपर लीग में इस्लामाबाद यूनाइटेड टीम के कोचिंग स्टाफ का हिस्सा हैं।

### कुसल परेरा बांग्लादेश दौरे से बाहर

#### होम टीम के अलिस इस्लाम भी टी-20 सीरीज नहीं खेल सकेंगे; सीरीज 4 मार्च से

श्रीलंका के विस्फोटक ओपनर कुसल परेरा बांग्लादेश दौरे से बाहर हो गए हैं। वह टी-20 सीरीज नहीं खेल सकेंगे। मैनेजमेंट ने उनकी जगह निरोशन डिकवेला को स्क्वॉड में जगह दी। वह शनिवार तक टीम के साथ बांग्लादेश में जुड़ भी जाएंगे। बाकी प्लेयर्स 29 फरवरी को ही बांग्लादेश पहुंच गए। बांग्लादेश को भी सीरीज से पहले झटका लगा है। टीम के अलिस इस्लाम इंजरी के कारण टी-20 सीरीज नहीं खेल सकेंगे। सीरीज 4 मार्च से शुरू होगी।



#### परेरा को सांस लेने में दिक्कत

कुसल परेरा ने 2023 के वनडे वर्ल्ड कप से नेशनल टीम में वापसी की। इसके बाद से वह लगातार टीम का हिस्सा रहे। हालांकि वह कुछ खास परफॉर्म नहीं कर सके। अब उन्हें सांस लेने में दिक्कत हो रही थी, इसलिए बांग्लादेश के खिलाफ टी-20 सीरीज से बाहर होना पड़ा। निरोशन डिकवेल ने मार्च 2023 में श्रीलंका के लिए आखिरी बार कोई इंटरनेशनल मैच खेला था। यह एक टेस्ट मैच था। इसके बाद अब उन्हें टीम में जगह मिली। उन्होंने लिमिटेड ओवर्स का आखिरी इंटरनेशनल मैच जून 2022 में खेला था।

# बेंगलुरु की WPL -2 में लगातार दूसरी हार

### मुंबई इंडियंस 7 विकेट से जीती, टीम पॉइंट्स टेबल में टॉप पर पहुंची

बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में मुंबई ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग चुनी। बेंगलुरु ने बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 6 विकेट पर 131 रन बनाए। जवाब में मुंबई ने 15.1 ओवर में 3 विकेट पर टारगेट हासिल कर लिया। मुंबई के लिए अमेलिया केर ने 24 बॉल में नाबाद 40 रन की मैच जिताऊ पारी खेली। उन्हें इस पारी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

### बेंगलुरु की तरफ से पेरी टॉप स्कोरर

टॉस हारकर पहले बैटिंग करते हुए रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने छह विकेट खोकर 131 रन बनाए और मुंबई इंडियन को 132 रन का टारगेट दिया। टीम के लिए एलिस पेरी ने सबसे ज्यादा नाबाद 44 रन बनाए। उनके अलावा जॉर्जिया वेयरहम ने 27 रन का अहम योगदान दिया। वहीं सोफी मोलेनिक्स 12 और सब्बिनेनी मेघना ने 11 रन बनाए। बेंगलुरु की तरफ से एलिस पेरी और जॉर्जिया वेयरहम के बीच फिफ्टी पार्टनरशिप हुई। दोनों ने छठे विकेट के लिए 52 रन जोड़े। बेंगलुरु की तरफ से यह इस मैच की सबसे बड़ी साझेदारी रही। मुंबई की तरफ से पूजा वस्त्राकर और नेटली सीवर-ब्रंट ने 2-2 विकेट लिए। इसाबेल वॉन्ग और साइका इशाक को एक-एक सफलता मिली।




# WTC पॉइंट्स टेबल के टॉप पर पहुंचा भारत

### लगातार तीसरी बार फाइनल खेलने की उम्मीद बढ़ी; ऑस्ट्रेलिया से हो सकता है सामना

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच एक बार फिर ICC टूर्नामेंट का फाइनल देखने को मिल सकता है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वेलिंगटन टेस्ट में हार के बाद न्यूजीलैंड वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (WTC) के पॉइंट्स टेबल में नंबर-2 पर आ गया। इससे टीम इंडिया पहले नंबर पर आ गई। ऑस्ट्रेलिया तीसरे नंबर पर है। भारत को अब घर में 2 सीरीज खेलनी है, जहां टीम पिछले 12 साल से कोई सीरीज नहीं हारी। दूसरी ओर ऑस्ट्रेलिया को न्यूजीलैंड में 31 साल हार नहीं मिली। कंगारुओं को इसके बाद भारत और श्रीलंका से खेलना है, एक भी सीरीज जीतने पर टीम फाइनल में पहुंचने की संभावनाएं बढ़ जाएगी। अगर इसी तरह आगे के मैच भी चले तो ऑस्ट्रेलिया और भारत के बीच ही WTC का फाइनल होगा। मुकाबला जून 2025 में होना है। सारे सिनैरियो जानने से पहले पॉइंट्स टेबल को समझते हैं...




### न्यूजीलैंड की हार से भारत को फायदा हुआ

ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के बीच न्यूजीलैंड में 2 टेस्ट की सीरीज खेली जा रही है। वेलिंगटन में पहला मुकाबला ऑस्ट्रेलिया ने जीत लिया, इसी के साथ न्यूजीलैंड पहले से खिसकर दूसरे नंबर पर पहुंच गई। टीम के 60.00% पॉइंट्स हो गए, भारत 64.58% पॉइंट्स के साथ पहले नंबर पर है। ऑस्ट्रेलिया 59.09% पॉइंट्स के साथ तीसरे नंबर पर है। टीम न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज का आखिरी मैच जीतकर नंबर-2 पर पहुंच सकती है।

# महान क्रांतिकारी बुधु भगत, जिन्होंने अंग्रेजों के खिलाफ किया था लरका विद्रोह

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय विगत दिवस शनिवार को जिले के मनोरा विकासखंड के ग्राम डाड़टोली में शहीद वीर बुधु भगत जयंती समारोह एवं उरांव समाज के वार्षिक सम्मेलन में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने समाज के महापुरूषों के अतुलनीय योगदान को स्मरण करते हुए कहा कि उरांव समाज का एक गौरवशाली इतिहास रहा है। इस समाज ने अनेक महापुरूष दिए हैं जिनका मार्गदर्शन सभी लोगों को मिलता रहा है। आज हम जो जयंती मना रहे हैं, वे समाज गौरव महान क्रांतिकारी वीर बुधु भगत जिन्होंने ने आजादी के लड़ाई में अग्रणी भुमिका निभाई। इस महान सपुत की 17 फरवरी जयंती समारोह हम




मनाते हैं। किन्तु उक्त तिथि को मैं दिल्ली के प्रवास पर था। इस कारण आप के बीच उपस्थित नहीं हो सका।

ज्ञात हो कि जनजातीय समाज से आने वाले बुधु भगत का जन्म अविभाजित बिहार अब झारखंड के रांची जिले में स्थित शिलागाईं गांव में 17 फरवरी 1792 को हुआ था। उरांव जनजाति में पैदा हुए बुधु अद्भुत संगठन क्षमता थी। अमूमन 1857 को ही स्वतंत्रता संग्राम का प्रथम आंदोलन माना जाता है। लेकिनए इससे पूर्व ही वीर बुधु भगत ने न सिर्फ क्रांति का शंखनाद किया थाए बल्कि अपने साहस नेतृत्व क्षमता से 1832 ई में लरका विद्रोह नामक ऐतिहासिक आंदोलन का सूत्रपात्र भी किया। बुधु भगत ने अंग्रेजों के खिलाफ गुरिल्ला युद्ध शुरू किया। गांव के लोगों को अंग्रेजों से युद्ध




करने के लिए तैयार किया। उनकी संगठन क्षमता ऐसी थी कि लोगों ने उन्हें देवता का अवतार माना। उन्होंने सिल्ली, चोरेया, पिठौरिया, लोहरदगा और पलामू में लोगों को अंग्रेजों के खिलाफ संगठित करने का कार्य किया। बुधु भगत ने अंग्रेजों की नाक में दम कर दिया था। अंग्रेजों की लाख कोशिशों के बाद भी वह उनके हाथ नहीं आए तो उन पर तत्कालीन समय में एक हजार रुपए का इनाम घोषित कर दिया गया।

14 फरवरी 1832 के दिन अंग्रेजों की सेना ने बुधु भगत और उनके साथियों को सिलगाई गांव में घेर लिया। अंग्रेजों के पास अत्याधुनिक बंदूकें थी। जबकि बुधु भगत और उनके साथियों के पास तीर कमान और तलवार जैसे हथियार थे। अंग्रेजों की चेतावनी के बाद भी उन्होंने आत्मसमर्पण नहीं किया और अपने अनुयायियों के साथ अंग्रेजों से युद्ध करते हुए बलिदान हो गए। इस युद्ध में उनके भाई, भतीजे और दोनों बेटे उदय और करण व बुधु भगत की दोनों बेटियां रुनिया और झुनिया भी वीरगति को प्राप्त हुई। उरांव समाज के सम्मेलन में आयोजकों ने बताया कि उरांव समाज के प्रमुख महापुरुषों में उरांव योद्धा वीरांगनी माता कईली दाई, पदमश्री कवि हलधर नाग, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी सिध्धु कान्हू, उरांव योध्या वीरांगना सिनगी दाई, स्वतंत्रता सेनानी पुरखा पंचबल जतरा टाना भगत, महापुरुष साहेब बाबा कार्तिक उरांव एवं महान वीर बुधु भगत शामिल हैं।

## एक नजर

### मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने श्रम वैन को झंडी दिखाकर किया रवाना

जशपुर जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों में जाकर चलित वैन के माध्यम से होगा श्रमिकों का पंजीयन

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।







मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज रविवार को जशपुर के ग्राम बगिया से श्रम वैन को झंडी दिखाकर रवाना किया। श्रम वैन जशपुर जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतो में पहुंचकर श्रमिकों का पंजीयन करेगी। जिससे अधिक से अधिक श्रमिकों को शासन की योजनाओं से लाभान्वित करने में सहयोग प्राप्त होगा। उल्लेखनीय है कि श्रम वैन के माध्यम से जिला.जशपुर के विभिन्न ग्राम पंचायतों में निवासरत असंगठित श्रमिक तथा निर्माणी श्रमिक जिनकी आयु 18 से 59 वर्ष का पंजीयन श्रमिक वैन के माध्यम से किया जाएगा और श्रम विभाग द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया जायेगा। जिले में 56724 श्रमिको का पंजीयन किया जा चुका है।

### तीन फीट ऊंचे दुल्हे को मिली ढाई फीट ऊंची दुल्हन

**कोरबा** । सर्वमंगला मंदिर समिति के तत्वावधान में शनिवार को 31 जोड़ों के सामूहिक विवाह का आयोजन किया गया। इस विवाह में तीन फीट के दूल्हे विजय मरावी की शादी ढाई फीट ऊंची दुल्हन दुर्गा के साथ हुई। विवाह आयोजन के दौरान दोनों की जोड़ी का आकर्षण का केंद्र रही।

जनजातीय समाज से आने वाले विजय मरावी पाली विकासखंड के ग्राम दर्राभाठा गांव के निवासी हैं। उनका शारीरिक विकास कई कारणों से नहीं हो पाया और ऊंचाई तीन फीट से ज्यादा बढ़ नहीं सकी। विजय के स्वजन उसके लिए ऐसे ही जीवन साथी की तलाश कर रहे थे। यह सिलसिला लंबे समय से चल रहा था।

विजय मरावी टेलरिंग से जुड़े हैं। संयोग से नजदीकी गांव में रहने वाली दुर्गा विजय के समाज से ही थी। दुर्गा की ऊंचाई भी बहुत ज्यादा नहीं थी। इसके बाद इंटरनेट मीडिया के जरिए दोनों एक-दूसरे से जुड़े और बातचीत शुरू हुई। हाल में ही इन दोनों की मुलाकात आमने-सामने हुई। इसके बाद विवाह की बातचीत हुई और रिश्ता पक्का हो गया। दुर्गा मरावी ने हायर सेकेंडरी तक की पढ़ाई की है, जबकि उसके पति विजय मरावी की शिक्षा हाई स्कूल की है। दोनों ने आगे शिक्षा प्राप्त करने को लेकर रुचि दिखाई है।

दुर्गा ने बताया कि विजय मरावी से फेसबुक के जरिए पहले दोस्ती हुई और धीरे-धीरे प्यार में बदल गया। फिर दोनों ने शादी करने की सोची और परिवार में बातचीत की। इसके बाद आज इस सामूहिक विवाह में शादी किए।

## एक पहल सशक्त जशपुर अभियान नि:शक्ता से सशक्ता की ओर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने दिव्यांग जनों को किया सामग्री का वितरण

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।






सशक्त जशपुर के अंतर्गत मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अपने गृह ग्राम बगिया में दिव्यांग जनों को सामग्री का किया वितरण। जिसमें मुख्य रूप से ट्राईसाइकिल, छड़ी सहित इन हितग्राही को दिव्यांग प्रमाण पत्र, बस पास समेत अन्य सामग्रियों का वितरण किया। सशक्त जशपुर अभियान का उद्देश्य जशपुर जिला को सभी क्षेत्रो में सशक्त करना है, जैसे स्वास्थ्य, शिक्षा,रोजगार आदि को योजनाब तरीके से लक्ष्य की प्राप्ति कर सुविधओं को उपलब्ध कराना है। यह सशक्त जशपुर अभियान ष्नि:शक्ता से सशक्ता की ओर कार्यक्रम संपूर्ण जिले में चलाई जा रही है, इसके अंतर्गत जशपुर जिला के सभी दिव्यांगो का चिन्हाकन कर, सभी को समुचित इलाज कराना, दिव्यांग प्रमाण पत्र उपलब्ध कराना, उन्हें आवश्यक सामाग्री उपलब्ध कराना एवं जो इच्छुक है रोजगार हेतु उन्हें कौशल विकास में प्रशिक्षण देकर रोजगार प्रदाय कराना। जशपुर जिले के प्रत्येक ग्राम पंचायत के प्रत्येक वार्ड में प्रशासन के दल द्वारा सर्वे किया गया हैए विकासखंड के प्राप्त आंकडे अनुसार जशपुर जिलें में कुल दिव्यांग 15488 है जिसमें 884 कौशल विकास में प्रशिक्षण उपरांत रोजगार हेतु इच्छुक है।

## मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने तपकरा में विशाल जनसभा को संबोधित किया

समरसता भवन और रौनियार समाज सांस्कृतिक भवन का किया लोकार्पण

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने विगत दिवस जशपुर जिले के तपकरा में विशाल आम सभा को संबोधित किया और तपकरा में विधायक निधि से 20 लाख की लागत से निर्मित समरसता भवन तथा सांसद निधि से 5 लाख की लागत से निर्मित रौनियार समाज सांस्कृतिक भवन का लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री के आगमन क्षेत्रवासियों ने लड्डुओं से तौलकर उनका स्वागत किया।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आत्मीय स्वागत के लिए क्षेत्रवासियों के प्रति आभार जताया और तपकरा में मंगल भवन के लिए 50 लाख रुपए और तपकरा में ही सोनकर समाज के सामाजिक भवन के लिए 20 लाख रूपए दिए जाने के साथ ही तपकरा हाई स्कूल ग्राउंड के समतलीकरण, सौंदर्यीकरण की घोषणा की। उन्होंने हाईस्कूल परिसर में जिम की स्थापना और सोलर लाइट लगाने की घोषणा भी



**प्रदेश की महिलाओं का जल्द मिलेगी महतारी वंदन योजना की पहली किस्त**

**तपकरा में 50 लाख रूपए की लागत से बनेगा मंगल भवन, सोनकर समाज के सामाजिक भवन के लिए 20 लाख रूपए की घोषणा**



की। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि 13 दिसंबर को हमारी सरकार ने शपथ लेते ही 14 दिसंबर की प्रथम केबिनेट की बैठक में प्रदेश के 18 लाख गरीब परिवारों के आवास निर्माण का निर्णय लिया। पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिवस के अवसर पर प्रदेश के 12 लाख से अधिक किसानों को दो साल के बकाया धान के बोनस की राशि 3716 करोड़ रुपए अंतरित किए। मुख्यमंत्री ने पीएससी में हुई गड़बड़ी की जांच सीबीआई को सौंपने की जानकारी देते हुए कहा कि दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने राज्य की विवाहित महिलाओं के लिए शुरू की गई महतारी वंदन योजना के तहत दी जाने वाली सहायता राशि की पहली किस्त जल्द ही दिए जाने की बात कही। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने राज्य सरकार द्वारा रामलला दर्शन योजना के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ के लोगों के लिए भगवान रामलला के दर्शन की नि:शुल्क व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि तेंदूपत्ता संग्राहकों को 5500 रुपए प्रति मानक बोरा पारिश्रमिक दिया जाएगा और चरण पादुका योजना भी पुन: प्रारंभ की जाएगी।

## युवक ने अपने शरीर पर ज्वलनशील पदार्थ उड़ेलकर लगाई आग

**कोरबा** । पावर हाउस रोड स्थित व्यावसायिक काम्प्लेक्स एस एस प्लाजा परिसर में शनिवार देर रात एक युवक ने अपने शरीर पर ज्वलनशील पदार्थ उड़ेलकर आग लगा लिया। एकाएक हुई घटना से आसपास के लोगों में अफरा तफरी मची गई। सजकता का परिचय देते हुए कुछ लोगों ने मिलकर आग को बुझाया और युवक को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूचना उपरांत यहां डायल 112 और कोतवाली पुलिस पहुंची। पूछताछ के दौरान ज्ञात हुआ कि एस एस प्लाजा में संचालित बालाजी बर्तन भंडार में उक्त युवक अजय काम किया करता था। संचालक विकास अग्रवाल विक्की ने बताया कि अजय उसके यहां का कर्मचारी है और शादी में जाने की बात कह कर 2 फरवरी को अपना हिसाब किताब कर पैसे लेकर छुट्टी पर चला गया। इसके बाद वह काम पर नहीं लौटा है। उसने 1500 एडवांस भी लिया हुआ है। अजय की पत्नी उसी के दुकान में काम करती है। संचालक विकास अग्रवाल की मानें तो पति-पत्नी के बीच किसी बात को लेकर अनबन थी और अजय आज उससे मिलने के लिए दुकान पहुंचा था। इसके कुछ देर बाद रात करीब 9.30 से 10 के बीच अजय ने एसएस प्लाजा से बाहर निकल कर बन्द सराफा दुकान के सामने खुद पर कोई ज्वलनशील पदार्थ उड़ेल कर आग लगा लिया। आग की लपटों में युवक को घिरा देख आसपास के लोग वहां दौड़े भागे पहुंचे और आग को बुझाया। युवक को पुलिस के आने से पहले वाहन की मदद से जिला अस्पताल ले जाकर भर्ती करा दिया गया।

## मुख्यमंत्री साय गायत्री महायज्ञ एवं मां गायत्री मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में हुए शामिल

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय विगत दिवस जशपुर जिले के फरसाबहार विकासखंड के ग्राम तपकरा में राष्ट्रीय जागरण अभियान 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं मां गायत्री मूर्ति के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल हुए। इस कार्यक्रम का आयोजन 29 फरवरी से 3 मार्च तक गायत्री प्रज्ञापीठ तपकरा भंडारडीपा में अखिल भारतीय गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। मुख्यमंत्री ने यहां मां गायत्री की पूजा अर्चना कर प्रदेशवासियों के सुख समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना की। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि गांव वालों के



सहयोग से मंदिर का निर्माण किया गया है। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम पहुंचने पर ग्रामवासियों और आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने उनका आत्मीय स्वागत किया। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने श्रद्धालुओं को आप सबके बीच गायत्री महायज्ञ में आकर मुझे बहुत खुशी हो रही है। उन्होंने कहा कि वेद माता गायत्री से प्रार्थना है कि आप सभी को, क्षेत्रवासियों को तथा पूरे प्रदेश वासियों को अपना आशीर्वाद दें। माता गायत्री के आशीर्वाद से आज मैं एक कार्यकर्ता से मुख्यमंत्री तक के मुकाम पर पहुंचा हूं। उन्होंने कहा कि 22 जनवरी को अयोध्या में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के बाद से पूरा देश राममय हो गया है। हमारी सरकार ने रामलला दर्शन के लिए विशेष योजना बनाई है जिसमें राज्य सरकार के खर्चे से लोगों को रामलला का दर्शन कराएंगे। इस अवसर पर पूर्व संसदीय सचिव एवं कंवर समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष भारत साय, सर्वश्री यश प्रताप सिंह देव, सुनील गुप्ता, शांति हरिद्वार से पधारे सर्वश्री बुद्धदेव वर्मा, नेतराम सिंह एवं गायत्री परिवार के पदाधिकारी तथा बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित थे। इस अवसर पर सामूहिक रूप से गायत्री मंत्र का उच्चारण किया गया।



## लैलूंगा तहसील अधिवक्ता संघ ने कलेक्टर के नाम सौंपा, कार्यवाही अब तक नहीं

### छः सूत्रीय मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

जोहार छत्तीसगढ़ - लैलूंगा।

रायगढ़ जिले के लैलंगा तहसील में जैसे - जैसे नगर पंचायत लैलूंगा की जनसंख्या बढ़ते जा रही है । वैसे - वैसे मानों समस्यओं का अम्बार लगते जा रहा है । लम्बे समय से लैलूंगा नगर के विकास नही हो रहा है ।



बीते दिनों लैलूंगा की जनता और जन प्रतिनिधियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं तथा युवा नेताओं के द्वारा लैलूंगा की नगर कि समस्याओं को लेकर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं तहसीलदार लैलूंगा को कई बार आवेदन और निवेदन करते हुए लैलूंगा की जन समस्याओं के बारे अवगत करते हुए ज्ञापन भी दिया जा चुका है । जिसका आज तक कोई कार्यवाही नहीं हो सका है । जिसके कारण पुनः अधिवक्ता संघ ने लैलूंगा के द्वारा अपनी छः सूत्रीय मांगों को लेकर रायगढ़ जिले के संनेदनशील कलेक्टर को अवगत कराते हुए ज्ञापन सौंपा गया है । जिसमें मुख्य मांगे तहसील न्ययालय लैलूंगा में अधिवक्तागण नोटरीगण एवं पक्षकारों के लिए कोई बैठक व्यवस्था नहीं होने के कारण ग्राम पंचायत कुंजारा द्वारा निर्मित साइकिल स्टैंड में बैठकर कार्य करना पड़ रहा है । इसलिए जन हित को ध्यान देते हुए उचित व्यवस्था हेतु माँग किया गया है ।

दूसरा बिंदु = लैलूंगा मे बढ़ते दुर्घटनाओं को देखते हुए तहसील न्यायालय के ठीक सामने दो ब्रेकर बनाया जाए तथा रेस्ट हाउस चौक एवं अटल चौक के पास दो ट्रैफिक पुलिस की व्यवस्था किया जाये ।तीसरा बिंदु = लैलूंगा शहर में आने जाने वाली भारी वाहनों के प्रवेश के लिए समय सीमा निर्धारित किया जावे । चौथा बिंदु = लैलूंगा थाना चौक से अस्पताल तक मुख्य मार्ग में स्थित दुकानों के सामन दुकान से सड़क तक फैला दिया जाता है ।एवं ग्राहकों के गाड़ियों को दुकान के ठीक सामने खड़ा कर दिया जाता है । जिससे आवागमन बाधित हो रही है । इस संबंध में दिशा निर्देश जारी किया जावे । पाँचवा बिंदु = बाकारुमा से लैलूंगा के मुख्य मार्ग के बीच पशु अस्पताल राजपुर से बाजारडांड राजपुर तक यदि सड़क चौकीकारण मैं किसी प्रकार का बाधा हो तो जितना सड़क में आवागमन हो रहा है उसे ही दुरुस्त किया जाये । छठवाँ बिंदु = लैलूंगा के मुख्य मार्ग से लगकर 50 मीटर दूरी पर स्थित शराब दुकान को कम से कम मुख्य मार्ग के सड़क से 500 मीटर दूरी पर दुकान का संचालन हेतु दिशा निर्देश जारी किया जावे । अथवा मुख्य शहर से अन्यत्र किसी स्थान में कम से कम 2 किलोमीटर दूर दुकान संचालन हेतु दिशा निर्देश जारी किया जावे ।

ताकि तीज त्यौहार के अवसर पर सार्वजनिक मार्ग में किसी प्रकार का मार्ग बाधित ना हो तथा किसी भी प्रकार का कोई अनहोनी घटना ना हो सके । अब ये देखना होगा कि आये दिन निवेदन एवं आवेदन किये गये आवेदनों का निराकरण कर लैलूंगा की आम जनता को कब तक शासन - प्रशासन द्वारा लाभ मिल सकेगा । यह तो वक्त आने पर ही पता चल सकेगा ।

# सीपीडीसीएल विभाग का कृषि पंप उपभोक्ताओ से कैपेसिटर लगाने के लिए अपील

जोहार छत्तीसगढ़-बलौदाबाजार।




आगामी ग्रीष्मकालीन को मद्देनजर रखते हुए सभी सम्माननीय कृषि पंप उपभोक्ता अपने कनेक्शनों में कैपेसिटर अनिवार्य रूप से लगाकर कंपनी को सहयोग प्रदान करें। रबी फसल में सिंचाई हेतु अत्यधिक पानी की आवश्यकता हेतु कृषि पंप के लगातार उपयोग से लोड असीमित रूप से बढ़ गया है। यह समस्या उन क्षेत्रों में गंभीर है जहां पंप कनेक्शनों की बहुतायत है। आप सभी की जानकारी में लाया जाना आवश्यक है कि सभी विद्युत पंपों में पर्याप्त क्षमता का कैपेसिटर लगाया जाना आवश्यक है। कैपेसिटर नहीं लगाए जाने से वोल्टेज ड्रॉप होता है तथा मोटर अधिक करेंट लेती है। जिससे मोटर की पानी निकालने की क्षमता कम हो जाती है एवम जलने की संभावना बढ़ जाती है। कुछ पंपों से एक डिस्ट्रीब्यूशन ट्रांसफॉर्मर पर लोड बढ़ता है, कई वितरण ट्रांसफार्मर से 11 केवी लाइनों पर, फिर 33/11के वी उपकेंद्रों पर तथा 33के वी लाइनों तथा इस प्रकार पूरे ट्रांसमीशन सिस्टम पर लोड बढ़ता है तथा अत्यधिक लो वोल्टेज की समस्या आ जाती है इस स्थिति में न सिर्फ विद्युत कंपनी बल्कि सभी कृषक भाइयों, राज्य तथा राष्ट्र को क्षति होती है। यह स्थिति वर्तमान में आपके समक्ष उपस्थित है। इस समस्या के समाधान के लिये छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी अपने स्तर पर हर संभव प्रयास कर रही है जैसे नए उपकेंद्र की स्थापना, अतिरिक्त पावर ट्रांसफार्मरों की स्थापना, ट्रांसफॉमरों की क्षमता वृद्धि, सबस्टेशनों में कैपेसिटर बैंक की स्थापना। लेकिन आपके सहयोग के बिना स्तिथि को सुधार पाना संभव नहीं है। आप से अपील एवम अनुरोध है कि प्रत्येक सम्माननीय कृषक अपने पंप/ट्यूबवेल कनेक्शन में पर्याप्त क्षमता का कैपेसिटर लगाकर न सिर्फ कम्पनी को सहयोग प्रदान करें बल्कि राज्य एवम राष्ट्र हित में सहयोगी बने।आपकी सुविधा हेतु आवश्यक कैपेसिटर की क्षमता नीचे प्रर्दशित है।

**पंप की क्षमता-केपिसिटर**

0 से 3 एचपी तक. 1 केवीएआर
3 से 5 एचपी तक . 2 केवीएआर
5 से 7.50 एचपी तक. 3 केवीएआर
7.50 से 10 एचपी तक. 4 केवीएआर

आपकी सेवा में हमेशा तत्पर छत्तीसगढ़ पावर डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी मर्यादित रायपुर।

**एक नजर**

## बबूल पेड़ पर लटका हुआ मिला युवक की लाश, कारण अज्ञात

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।



बेमेतरा जिले में लगातार देखने कों मिल रहे बड़ी-बड़ी अपराध इसी बीच दिन रविवार की शाम जिला मुख्यालय के स्थित नगर पालिका बेमेतरा परिसर के पीछे एक बबूल के पेड़ पर युवक की फांसी से लटका हुवा मिला लाश। किस वजह से आत्महत्या किया गया उनका कारण अज्ञात है। युवक के कपड़े फटे हुए एवं पैरों से निकलती खून कहीं ना कहीं बड़ी घटना की ओर इशारा कर रहे हैं। फिलहाल पुलिस ने घटना पर मर्ग कायम कर शव का पहचान करने में लगे हुए हैं जानकारी के अनुसार पुलिस को सुसाइट नोट प्राप्त हुई है जसमें बेमेतरा पुलिस की टीम ने जांच कर जानकारी जुटाने में लगी हुई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार घटनास्थल पर प्राप्त मोबाइल के माध्यम से परिजन को सूचित किया गया है परिजन के आने के बाद आत्महत्या करने वाले युवक की पहचान की जा सकती है ।

## आदिवासी समाज को आगे बढ़ाने की दिशा में काम कर रही छत्तीसगढ़ सरकार: उपमुख्यमंत्री

**कोरबा** । प्रदेश के उपमुख्यमंत्री श्री अरूण साव और उद्योग, वाणिज्य एवं श्रम मंत्री छत्तीसगढ़ शासन श्री लखनलाल देवांगन, बुधवारी स्थित आदिवासी समाज के शक्तिपीठ के 14वें स्थापना समारोह कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने आदिवासी शक्तिपीठ में पूजा-अर्चना कर प्रदेश की खुशहाली और तरक्की के लिए आशीर्वाद भी मांगा। इस दौरान परिसर में 45.84 लाख रूपए के डोम का लोकार्पण भी किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि श्री साव ने कहा कि यह आदिवासी समाज के लिए गौरव की बात है कि आज समाज की महिला देश के सर्वोच्च संवैधानिक पद पर है। इसी तरह आदिवासी समाज के लिए यह भी गौरव की बात है कि आदिवासी समाज से आने वाले श्री विष्णुदेव साय जो कि बहुत सीधे-सादे, सरल और सज्जन हैं। अपनी काबिलियत और परिश्रम के बल पर गांव के एक पंच से लेकर सांसद और छत्तीसगढ़ प्रदेश के मुख्यमंत्री बने। समाज को ऐसे महान विभूतियों से प्रेरणा मिलती है। छत्तीसगढ़ की सरकार आदिवासी समाज सहित सभी समाज को आगे बढ़ाने की दिशा में काम कर रही है। सरकार का ध्येय है कि हर व्यक्ति के हाथ में काम हो, उन्हें रहने के लिए पक्का मकान मिले और योजनाओं के माध्यम से गरीब परिवार आर्थिक रूप से समृद्ध बने। सरकार द्वारा आदिवासी समाज के विद्यार्थियों को शिक्षा से जोड़ने तथा उनका भविष्य गढ़ने की दिशा में काम किया जा रहा है। सभी के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए भी कार्य किया जा रहा है। आदिवासी समाज अपनी मेहनत और परिश्रम से आगे बढ़ रहे हैं। उपमुख्यमंत्री श्री साव ने कहा कि यह उनका सौभाग्य है कि उन्हें विश्व के प्रथम आदिवासी शक्तिपीठ में आने और आशीर्वाद प्राप्त करने का अवसर मिला।

## तीन महिला सहित हत्या के पांच आरोपितों को आजीवन कारावास

**कोरबा** । करीब एक वर्ष पूर्व से बाड़ी में लगे लकड़ी के रूथान को तोडफोड़ करने तथा मृतक का पालतू जानवर बैल के बाड़ी में चले जाने एवं उसके गले में बंधे घंटी को खोलने के संबंध में विवाद होने पर ग्रामीण की पांच लोगों पिटाई कर दी। घटना में ग्रामीण की मौत हो गई थी। मामले की सुनवाई के बाद द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश कटघोरा जितेन्द्र कुमार सिंह ने तीन महिला समेत पांच आरोपितों को आजीवन कारावास का सजा सुनाई है।

घटना चैकी मोरगा थाना बांगो अंतर्गत ग्राम कुम्हारीपानी की है। यहां बालसाय तिर्की 45 वर्ष के साथ आरोपीक विरेन्द्र एक्का 28 वर्ष, फिलीप एक्का 30 वर्ष, सोनामणी एक्का 24 वर्ष, बुधमनिया एक्का 25 वर्ष, एवं खलासो एक्का 45 वर्ष के साथ विवाद था। 24 सितंबर 2022 को रात आठ बजे सभी आरोपीत विरेन्द्र एक्का, फिलीप एक्का, सोनामणी एक्का, बुधमनिया एक्का, एवं खलासो एक्का सभी एक राय होकर बालसाय के घर पहुंचे। उस वक्त बाल साय व उसका परिवार अपने घर में टीवी देख रहा था। उनके घर को खटखटाकर खोलवाकर जबरन घुसकर बालसाय तिर्की को पकड़कर लड़ाई झगड़ा मारपीट करते हुए अपने घर के आंगन में ले गए और आंगन में गड़े खुंटे में बांध कर लाठी डंड़ा एवं हाथ मुक्के से बेरहमी पूर्वक मारपीट की। गंभीर रूप से चोट लगने पर मृतक बालसाय तिर्की की मृत्यु ही गई। इस बीच बचाव करने मृतक की पत्नी पहुंची, उसे भी मारपीट कर चोट पहुंचाए। बालसाय की पत्नी द्वारा घटना की सूचना चैकी मोरगा थाना बंगों में 25 सितंबर को दी गई। पुलिस ने धारा 147,148,450 302 के अंतर्गत पंजीबद्ध किया गया।

## भाजपा ने महासमुंद से रूपकुमारी चौधरी को बनाया प्रत्याशी विन्द्रानवागढ़ के कार्यकर्ताओं में दिखा उत्साह

*प्रत्याशी ने भाजपा शीर्ष नेतृत्व और क्षेत्र के कार्यकर्ताओं का जताया आभार कहा विश्वास पर खरे उतरूंगी*

जोहार छत्तीसगढ़-गरियाबंद।

भारतीय जनता पार्टी के केन्द्रीय चुनाव समिति ने छग के ग्यारह लोकसभा सीट के लिये अपना प्रत्याशी की घोषणा कर दी।



दावेदारों के बड़ी संख्या वाले महासमुंद लोकसभा सीट क्रमांक 09 में सारे अटकलों पर अब विराम लग गया पार्टी ने सरायपाली के पूर्व विधायक और संसदीय सचिव को पार्टी का प्रत्याशी बनाया है। सरायपाली के हरिहर गांव के कृषक परिवार की 47 वर्षीय रूपकुमारी चौधरी महासमुंद जिला अध्यक्ष के दायित्व का निर्वाहन करते हुये संगठन के कई पदों पर काम किया है।

### सौम्य और सरल स्वभाव ने बढ़ाया कद

भाजपा के 2024 के लोकसभा प्रत्याशी रूपकुमारी चौधरी का उनके सौम्य और सरल स्वभाव के कारण क्षेत्र में खासी पैठ है वहीं अपने संसदीय सचिव के कार्यकाल में जनता और कार्यकर्ताओं के बीच बनाये स्वच्छ छवि ने कृषक परिवार की बहु को राजनेता बना दिया। उनके सौम्य और सरल स्वभाव को भाजपा हाईकमान ने लोकसभा के बड़े नेतृत्व की जिम्मेदारी सौंपी है। वही भाजपा प्रत्याशी रूपकुमारी चौधरी ने समस्या के समाधान के साथ क्षेत्र के विकास के लिये कार्य करने की बात कही है।

### लोकसभा क्षेत्र के आठ विस में चुनाव कार्यालय का हो गया उद्घाटन

*भाजपा ने प्रत्याशी घोषणा के पहले ही महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के धमतरी, राजिम विन्द्रानवागढ़, सरायपाली, बसना, महासमुंद, खल्लारी, कुरूद आठ विस में विधान सभा स्तरीय चुनाव कार्यालय का उद्घाटन कर दिया है।वही पार्टी के लाभार्थी सम्पर्क अभियान में भी मण्डल स्तर पर कार्यकर्ता जुटे गये है।*

## पं.ज.ला नेहरू महाविद्यालय बेमेतरा में अंतर विभागीय अतिथि व्याख्यान का हुआ आयोजन

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।




शा.पं.ज.ला नेहरू महाविद्यालय बेमेतरा के प्राचार्य डॉ.पी पी चंद्रवशी के मार्गदर्शन में शनिवार को समाजकार्य विभाग में अनुसंधान में संख्यिकीय के उपयोग विषय पर अंतर विभागीय अतिथि व्याख्यान का आयोजन हुआ। जिसमें मुख्य वक्ता व ज्ञान साधन व्यक्ति के रूप में वाणिज्य विभाग के सहा.प्राध्यापक एल एन गुप्ता उपस्थित थे। उन्होंने अपने व्याख्यान में सांखिकीय का अर्थ तथा लक्षण व महत्त्व बताते हुए अनुसंधान में सांखिकीय की क्या उपयोगिता हो सकती है इसे विस्तार पूर्वक विद्यार्थियों को बताया साथ ही सांख्यिकीय के जरूरी टूल्स और तकनीक के बारे में भी विस्तार से जानकारी दिया गया। इस अतिथि व्याख्यान कार्यकर्म में अतिथियों के रूप गणित विभाग के विभागाध्यक्ष एम एफ खान, गणित विभाग सहा.प्रा. व आई क्यू ए सी अध्यक्ष सुश्री शैल शर्मा, समाजकार्य विभाग के अतिथि प्रा.शोभित साहू उपस्थित थे। साथ ही समाजकार्य के समस्त छात्रा-छात्राएं उपस्थित रहे कार्यक्रम का सफल मंच संचालन डाली महेश्वरी के द्वारा किया गया अंत में जानकारी देते हुए समाज कार्य विभाग प्रमुख सोभित साहू ने बताया की समाज कल्याण व सामाजिक समरसता व समाज सेवा के प्रति सभी छात्र-छात्राओं समर्पित रह सके इन बातों पर भी विशेष ध्यान रहे इसलिए सभी गतिविधियों के माध्यम से सभी छात्रो को भविष्य में समाज कार्य करने में सक्षम बन सकते हैं जिसके लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

## अश्लील गाली गलौच कर जान से मारने की धमकी व मारपीट करने वाला आरोपी गिरफ्तार

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।




प्रार्थी जसवंत चतुर्वेदी पिता दौलत चतुर्वेदी उम्र 32 साल साकिन चिरहुला थाना व जिला मुंगेली ने थाना नांदघाट हाजिर आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 22 फरवरी 2024 को संबलपुर निवासी विनोद सोनवानी के यहां शादी कार्यक्रम में बारात आये थे इस दौरान संबलपुर के 03.04 लडके आये और बंद करो नाच गाना हमारे यहां नाच गाना नही होता करके गाली देने लगे गाली देने से मना करने पर आरोपीगणों गब्बर बघेल, लल्ला बघेल, सूरज बघेल, कारगिल तेवलकर, संदीप तेवलकर एवं 06 अन्य साथी करीबन 05-10 लोग सभी साकिनान संबलपुर द्वारा एक राय होकर अश्लील गाली गुप्तार कर जान से मारने की धमकी देते घर अंदर घुसकर हाथ मुक्का डंडा बेल्ट राड से मारपीट कर बाराती वाहन को तोड़फोड़ करने कि रिपोर्ट पर अपराध सदर धारा 294,506,147,148,149,458,427 भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। उक्त घटना के संबंध में वरिष्ट अधिकारियो को अवगत कराया गया। जिस पर पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू भापुसे के निर्देशन एवं अति. पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल एवं एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की मार्गदर्शन में थाना नांदघाट प्रभारी उप निरीक्षक अलील चंद एवं थाना स्टाफ को आरोपियों के विरूद्ध तत्काल कार्यवाही करने निर्देशित किया गया। प्रकरण में विवेचना के दौरान आरोपी 1 शिवा बघेल ऊर्फ मोना पिता श्याम बघेल उम्र 23 साल, विवेक तेवलकर पिता अश्वनी तेवलकर उम्र 20 साल,तुकेश्वर ऊर्फ छोटू पिता श्याम लाल बघेल उम्र 19 साल सभी साकिनान संबलपुर थाना नांदघाट जिला बेमेतरा को दिनांक 01ण्03ण्2024 को विधिवत गिरफ्तार कर 02 मार्च 2024 को माननीय न्यायालय में न्यायिक रिमांड पर पेश किया गया। प्रकरण में फरार अन्य आरोपियों की लगातार पतासाजी की जा रही है। उक्त कार्यवाही में थाना नांदघाट प्रभारी उप निरीक्षक अलील चंद, सउनि रघुवीर सिंह, प्रधान आरक्षक दुर्गेश तिवारी, पोषण साहू, जसवंत जांगड़े आरक्षक रूपेन्द्र वर्मा, धाकचंद एवं अन्य स्टाफ की सराहनीय भुमिका रही।

## नाम परिवर्तन सूचना

मेरा नाम केशव बागडी है मेरे पिता जी का नाम घनश्याम दास बागडी है जो कि मेरे भारतीय जीवन बीमा के बांड पेपर जिसका पॉलिसी नंबर 382876237 जिसमें मेरा नाम केशव महेश्वरी पिता का नाम घनश्याम महेश्वरी त्रुटिवस भूल हो गया है। पहले मेरे वोटर आईडी में केशव महेश्वरी होने के कारण मेरे भारतीय जीवन बीमा बांड में केशव महेश्वरी एवं मेरे पिता जी का नाम घनश्याम महेश्वरी दर्ज किया गया है। जो अभी मेरा नाम परिवर्तन करके केशव बागडी और मेरे पिता जी का नाम घनश्याम दास बागडी कर दिया गया है। आज से मुझे केशव बागडी के नाम से जाना एवं पहचाना जाए।

**पता-गंगराजपुर**
**पोस्ट ऑफिस-गिरसुल**
**हाउस नंबर-54, वार्ड-2**
**गरियाबंद छ.ग.**

## महतारी वंदन के हितग्राही 5 मार्च तक बैंक खाता में आधार लिंक और मोबाइल नंबर अपडेट कराएं

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़ बिलाईगढ़।

महतारी वंदन योजना के लिए फार्म के साथ आवश्यक दस्तावेजों में आधार आईडी, बैंक खाता से जुड़े मोबाइल नंबर के साथ साथ महिला के स्वयं के बैंक खाते में आधार लिंक एवं डीबीटी सक्रिय होना चाहिए द्य ऐसे महिला जिनके बैंक खाता से मोबाइल और आधार लिंक नही है वे 5 मार्च तक संबंधित बैंक में आधार लिंक और मोबाइल नंबर अपडेट कराएं। फॉर्म जमा करने के बाद आधार सर्वर में अपडेट होने में दो दिन का समय लगता है। ऐसे में हितग्राही 5 मार्च तक अपडेट का फॉर्म जमा करेंगे तो सर्वर में अपडेट 7 मार्च को होगा और 8 मार्च को उनके बैंक खाता में पहली किश्त प्राप्त होगा। इसी प्रकार महतारी वंदन में आधार और बैंक खाता से जुड़े मोबाइल नंबर के स्थान पर कोई दूसरा मोबाइल नंबर दर्ज है तो बैंक खाता से जुड़े मोबाइल नंबर को अपडेट करना होगा। इसके लिए नजदीकी आंगनबाड़ी केंद्र से संपर्क कर सकते हैं। इस योजना के लाभ के लिए महिला का स्वयं का बैंक खाता होना अनिवार्य है द्य संयुक्त खाता मान्य नहीं होगा। जिन महिलाओं का बैंक खाता से जुड़े हुए मोबाइल नंबर, आधार अपडेशन और आवेदन में अपडेट जितना देरी से होगा। उतने ही देरी से उनको महतारी वंदन योजना का लाभ या पहला किस्त मिलेगा। हितग्राही अपने आधार और मोबाइल नंबर से अपने आवेदन की स्थिति वेबसाइट महतारी वंदन डॉट सीजी स्टेट डॉट जीओवी डॉट इन में देख सकते हैं। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की ओर से महिलाओं के स्वावलम्बन एवं उनके आश्रित बच्चों के स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर में सतत सुधार को बनाये रखने, महिलाओं को आर्थिक रूप अधिक स्वावलम्बी बनाने, परिवार स्तर पर निर्णय लिये जाने में महिलाओं की प्रभावी भूमिका को प्रोत्साहित करने के लिए इस महतारी वंदन योजना की शुरुआत की गई है।

# विधायक दीपेश साहू ने बच्चों को पिलाई पल्स पोलियों की खुराक

जिले में कुल 95862 बच्चों को शतप्रतिशत टीकाकरण किये जाने का लक्ष्य निर्धारित

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।






स्व.डॉ.चेतन सिंह वर्मा मातृ एवं शिशु अस्पताल बेमेतरा में रविवार को राष्ट्रीय पल्स पोलियों अभियान का जिला स्तरीय शुभारंभ किया गया। उक्त शुभारंभ कार्यक्रम की शुरूआत दीपेश साहू विधायक विधानसभा क्षेत्र बेमेतरा के द्वारा बच्चों को पोलियों की खुराक पिलाकर किया गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, डॉ.एस,चुरेन्द्र, जिला टीकाकरण अधिकारी, डॉ.शरद कोहाड़े, जिला कार्यक्रम प्रबंधक लता बंजारे, अस्पताल सलाहकार स्वाती यदु, डीपीसी कु. सम्पत्ती बंजारे,डीपीएचएनओ हिना सिन्हा,मिडिया प्रभारी, संजय तिवारी,कार्यालय सहायक टीकाकरण, देवेन्द्र नामदेव, पार्षद नीतू कोठारी एवं अस्पताल के स्टॉफ सहित शुन्य से 05 वर्ष आयु के बच्चे एवं पालकगण उपस्थित रहे। जिनके द्वारा उपस्थित बच्चों को पोलियों की खुराक पिलाकर प्रतिरक्षित किया गया। कार्यक्रम के दौरान कुल 05 बच्चों को पोलियों की 02 बूंद की खुराक पिलाकर विधायक द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया जिसके पश्चात उपस्थित सभी अधिकारीगण द्वारा एक-एक कर बच्चों को पोलियों की खुराक पिलाया गया। जिले में कुल लक्ष्य 95862 के विरूद्ध शतप्रतिशत बच्चों को बूथ में टीकाकरण किये जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, उक्त कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पूरे जिले में 793 पोलियों बूथ की स्थापना की गई है, जिसमें 2880 टीकाकर्मीयों द्वारा पोलियों की खुराक लक्ष्यित आयु वर्ग के बच्चों को पोलियों की दवा पिलाकर प्रतिरक्षित किया जायेगा। पोलियों बूथ की स्थापना जिला मुख्यालय अंतर्गत जिला बेमेतरा नया बस स्टैण्ड, सिटी कोतवाली थाना बेमेतरा के सामने, जहां आने जाने वाले यात्रीयों को पोलियों की दवा पिलाई जा सके इसके साथ ही शहारी क्षेत्र के सभी वार्डो में पोलियों बूथ की स्थापना की गई है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा मिली जानकारी अनुसार राष्ट्रीय पल्स पोलियों कार्यक्रम के अंतर्गत आज प्रथम दिवस गतिविधि में शून्य से 05 वर्ष के बच्चों को बूथ के अंतर्गत पोलियों की खुराक पिलाई जायेगी।

द्वितीय और तृतीय दिवस में छुटे हुए बच्चों को घर.घर भ्रमण कर पोलियों की खुराक पिलाई जायेगी। जिसके निरीक्षण के लिए जिले में 109 पर्यवेक्षकों एवं जिला स्तरीय मॉनिटरिंग टीमों के द्वारा कार्यक्रम के सफलता के लिए निगरानी की जावेगी। जिला टीकाकरण अधिकारी द्वारा अपील करते हुए कहा गया की समस्त शून्य से 05 वर्ष के बच्चों को पोलियों की दवा जरूर पिलायें छुटे हुए बच्चों को घर.घर भ्रमण के दौरान पोलियों टीम के सदस्यों द्वारा खुराक पिलाने में मदद जरूर करें।

**न्यायालय तहसीलदार धरमजयगढ़, जिला-रायगढ़ ( छ. ग. )**

कमांक/ 917/ वाचक/ तह. 2024
धरमजयगढ़, दिनांक 26/02/2024
रा.प्र.क 202301042500052/अ-27/2022-2023

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका मालती विश्वास पति निंद विश्वास उम्र 62 वर्ष जाति नमोशुद निवासी ग्राम बायसी कालोनी तहसील धरमजयगढ़ जिला-रायगढ़ (छ.ग.) ने उपस्थित होकर भू.रा. संहिता 1959 की धारा 178 के तहत् आवेदन पेश किया है कि उभय पक्ष के समलाती खाते में ग्राम बायसी कालोनी प.ह.नं. 36 में भूमि ख.नं. 56 रकबा 2.833 हे. समलाती भूमि स्थित है, तद्नुसार राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त वाद भूमि को आवेदिका 1/3 भाग तथा अनावेदकगण के मध्य 2/3 भागों में विभाजन कर पृथक-पृथक से ऋण पुस्तिका जारी किये जाने हेतु निवेदन किये है।

अत: उक्त संबंध में यदि किसी भी व्यक्ति को किसी भी प्रकार की दावा आपत्ति हो तो वे स्वत: अथवा अपने किसी भी अधिकृत व्यक्ति या अभिभाषक सहित उपस्थित होकर दिनांक 06/03/2024 तक या इससे पूर्व अपना दावा पेश कर सकते हैं। नियत तिथी के पश्चात् किसी भी प्रकार की दावा आपत्ति पेश स्वीकार नहीं किया जायेंगा।

सील

**तहसीलदार**
**धरमजयगढ़**

# खाद्य गोदाम की दिवारे जर्जर होने की कगार में, बड़ी दुर्घटना होने की डर

## आखिर कौन हैं जिम्मेदार?



जोहार छत्तीसगढ़-रायपुर।

तिल्दा नेवरा शहर में इन दिनों बड़ी दुर्घटनाग्रस्त हादसा होने का डर है। घटना को अंजाम दे सकती है नेवरा कृषि उपज धान मंडी के पास स्थित कई साल पुराना खाद गोदाम की दीवारे हुए जर्जर पीछे हिस्से की लगभग 20 फि ट की ऊंची दिवार है। जो और दिवाल से अलग हो चुका है जिससे रोड में कइ छोटी बड़ी वाहन रोड होने के कारण लगातार सुबह से देर रात तक गुजरती रहती है साथ में पास में ही प्राथमिक शाला स्कूल है जिसमे छोटे-छोटे बच्चे भी पढ़ने आते हैं। जिसकी डर स्कूल के शिक्षक को रहती है आने जाने वाले मार्ग में मजदूर वर्ग के लोग ज्यादातर शामिल है जो बड़ी चिंता का विषय बना रहता है। जिस पर शासन प्रशासन में बैठक लोग व वाहके पदस्थ आधिकारियो को जरा भी चिंता नहीं है। ऐसे कई पुराने जर्जर सरकारी भवन है जो धराशाई हो चुका है लेकिन किसी भी लोगों का ध्यान आकर्षित नहीं है जो हादसा होने का इंतजार कर रहे है।

# कुंभकार समाज आधुनिक युग से जुड़कर विकास की ओर अग्रसर हो रहा -योगेश तिवारी

ग्राम देवसरा में आयोजित सामाजिक अधिवेशन में शामिल हुए योगेश तिवारी



जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

छत्तीसगढ़ कुंभकार समाज का वार्षिक अधिवेशन बेमेतरा विधानसभा के ग्राम देवसरा में आयोजित हुआ। इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष सर्व हिंदू सनातन संगठन व भाजपा नेता योगेश तिवारी बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। इस अवसर पर समाज के प्रतिनिधियों ने अपने विचार रखें। मुख्य अतिथि ने समाज के लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि कुंभकार समाज वर्तमान में आधुनिक युग से जुड़कर विकास की ओर अग्रसर हो रहा है। कुंभकार समाज पुरानी पद्धति को पीछे छोड़कर अब आधुनिक उपकरणों से चाकए दिया समेत अन्य मिट्टी के वस्तुओं के निर्माण कर रहा है। समाज को बच्चों की उच्च शिक्षा की ओर ध्यान देना चाहिए ताकि वे हर क्षेत्र में प्रतिनिधित्व कर सकें।

**जनप्रतिनिधि व समाज के लोग रहे मौजूद**

इस दौरान पूजा टिकरिहा, गंगाराम साहू, मनीष सोनी सरपंच खुडमुड़ी, नीतू चक्रधारी, श्यामलाल चक्रधारी संरक्षक छत्तीसगढ़ कुंभकार समाज, होलाराम प्रजापति मुख्य विविवध सलाहकार छत्तीसगढ़ कुंभकार समाज रायपुर, इतवारीराम चक्रधारी, कुंजूराम चक्रधारी,हेमलाल कौशिक, दौवाराम, लक्ष्मी कुंभकार, रतनलाल चक्रधारी, रवि कुंभकार, सोहन प्रजापति, नंदकुमार चक्रधारी, मुरली कुंभकार,लखन लाल कुंभकार, हुमेशवर प्रजापति, लुमेश महादेव, पुरुषोत्तम चक्रधारी, कमलनारायण, भूषण चक्रधारी, कृष्णा चक्रधारी,कोमल चक्रधारी, ललित, किशुन चक्रधारी, दौवाराम चक्रधारी, महेश भौरे, दशरथ कुंभकार, लक्ष्मण कुंभकार, जयराम कुंभकार, चंदू चक्रधारी, सालिक कुंभकार अध्यक्ष कबीरधाम, माखन प्रजापति समेत समाज के अन्य लोग उपस्थित थे।

# शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कांदुल के आठवी के बच्चो को विदाई

**बालोद।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कांदुल के आठवी के बच्चो को विदाई दी गई। आठवी के बच्चो की विदाई की परंपरा विगत 15 वर्षो से चल रही है।कक्षा 6वी और 7वी के बच्चे मिलकर अपने अग्रजो को विदाई देते रहे है।इस अवसर पर ग्राम पंचायत कांदुल की सरपंच श्री मती प्रतिभा देवदास जी ने अपने आशीष वचन में बच्चो को शिक्षा के साथ साथ, संस्कार और अपने धर्म के प्रति जागरूक और समर्पित रहने का आह्वान किया।संस्था के शिक्षाविद श्री पदुम साहू जी में बच्चो के चरित्र निर्माण पर जोर दिया और संस्था प्रमुख श्री जे आर देवांगन जी में बच्चो को अनुशासन में रहकर अपने विकास की बाते कही।विदा हो रहे बच्चो ने अपने तीन साल के खट्टे मीठे अनुभव को साझा किया।शाला नायिका कु प्रभा साहू, उप नायक जिज्ञांशु देवांगन, पुष्पा साहू, वीणा साहू,दामिनी साहू,अर्जुन बघेल,फलेंद्र साहू,मोहित साहू,युक्ति जोशी, जानवी,पल्लवी साहू,तिलक राय में अपने अनुजो को अनुशासन में रहने की शिक्षा दी। सभा को शिक्षक श्री के व्यास जी,शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष श्री जयपाल निर्मलकर,हाई स्कूल के व्याख्याता श्री एम के सोनी, ने अपना संबोधन दिया।



## एक नजर

# 0 से 5 साल के बच्चों को पिलाई जा रही आंगनबाड़ी केंद्र वार्ड क्रमांक 5 में पोलियो का खुराक



जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।

पोलियो मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान के तहत आज वार्ड नंबर 5 आंगनबाड़ी केंद्र रानीपार कार्यकर्ता दिव्य निशा व मितानिन सुलोचना मानिकपुरी द्वारा बच्चों को पल्स पोलियो का ड्राप पिलाकर भारत को पोलियो मुक्त देश बनाने के अभियान में भागीदारी निभाएगा सुबह 8 बजे से लेकर शाम 5 तक पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता दिन निशा वार्ड वासियों से आग्रह किया कि 0 से लेकर 5 साल के सभी बच्चों को आंगनबाड़ी केंद्र में लाकर पोलियो खुराक पिलाई और अपने बच्चों को स्वस्थ रखें आपको बता दें कि भारत में आप सभी जगह पोलियो की खुराक पिलाई जा रही है सभी अपने आंगनबाड़ी व स्वास्थ्य केंद्र में जाकर बच्चों पोलियो की खुराक पिलाई और अपने बच्चों को स्वस्थ रखें।

# नाबालिग लड़की से शारीरिक संबंध बनाने वाले आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।

2 मार्च को प्रार्थिया रतनपुर की थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि 31 जनवरी को इसकी नाबालिग लड़की को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला फुसलाकर भगाकर ले गया है कि रिपोर्ट पर थाना रतनपुर में अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया। दौरान विवेचना के बालिका संबंधी गंभीर अपराध होने से थाना प्रभारी रतनपुर के द्वारा उक्त घटना से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराकर उच्च अधिकारियों के दिशा निर्देशन में त्वरित कार्यवाही करते हुये, थाना रतनपुर में टीम गठित कर तकनीकी सूचना के आधार नाबालिग पीड़िता की तमिलनाडु में होने की सूचना पर तमिलनाडु टीम भेजकर अपहृत बालिका व संदेही को थाना लाया गया। संदेही नरेन्द्र सिंह निवासी कोटमी पेण्ड्रा, से पुछताछ करने पर नाबालिग बालिका बहला फुसलाकर भगाकर ले जाना व शारीरिक संबंध बनाना पाये जाने से आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी रतनपुर देवेश सिंह राठौर, सउनि ढोलाराम मरकाम,आर.संजय यादव, म.आर. स्वाती बंजारे की विशेष भूमिका रही।



# पुलिस कप्तान ने थानों में की सर्जरी, 4 थाना, 2 चौकी प्रभारी बदले

**जांजगीर-चांपा ।** पुलिस कप्तान ने थाना में सर्जरी करते हुये 4 थाना प्रभारी एवं 2 चौकी प्रभारियों को फेरबदल किया गया है। जांजगीर के सिटी कोतवाली से लेकर मलमला पामगढ़. बलौदा, चौकी नैला व पंतोरा के प्रभारी को बदला है। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक कार्यालय से जारी आदेश के अनुसार शुक्रवार 1 मार्च को जारी आदेश के अनुसार निरीक्षक प्रवीण कुमार द्विवेदी को सायबर प्रभारी से सिटी कोतवाली बनाया है, निरीक्षक अशोक कुमार वैष्णव को जांजगीर से थाना मलमला बनाया गया था. शनिवार 2 मार्च को संशोधित सूची में उन्हें बलौदा थाने का प्रभार दिया गया। इसी अनुसार उपनिरीक्षक कमलदास बनर्जी को थाना प्रभारी मुलमुला से थाना चांपा उपनिरीक्षक मनोहर लाल सिन्हा को थाना प्रभारी बलौदा से थाना प्रभारी पामगढ़ बनाया है, उपनिरीक्षक विनोद कमार जाटवर को थाना चांपा से थाना प्रभारी मुलमुला, उपनिरीक्षक राकेश कुमार सूर्यवंशी को थाना प्रभारी पामगढ़ से थाना चांपा, उपनिरीक्षक भागवत प्रसाद डहरिया को चौकी प्रभारी पंतोरा से चौकी प्रभारी नैला, सहायक उपनिरीक्षक विवेक कुमार सिंह को पुलिस लाइन से चौकी प्रभारी पंतोरा बनाया गया है।



# अगरबत्ती, सर्फ, साबुन निर्माण, बकरी पालन हेतु निःशुल्क आवास, भोजन और ट्रेनिंग

* रायगढ़ एवं सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के सिर्फ ग्रामीण व्यक्ति वाट्सअप नंबर 7974942078 पर करा सकते हैं रजिस्ट्रेशन

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़ बिलाईगढ़।

रायगढ़ एवं सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के ग्रामीण क्षेत्र में निवासरत गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले परिवार को शिक्षित बेरोजगार युवक, महिला एवं पुरुष के लिए बकरी पालन का 10 दिवसीय प्रशिक्षण रहने खाने पीने के साथ निःशुल्क आवासीय प्रशिक्षण 5 मार्च से प्रारंभ होगा। इसी प्रकार अगरबत्ती, सर्फ, साबुन निर्माण का 10 दिवसीय प्रशिक्षण 11 मार्च से प्रारंभ होगा। जिसमें प्रशिक्षण के लिए इच्छुक भारतीय स्टेट बैंक स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान, टीवी टॉवर रोड क्षेत्रीय पंचायत एवं ग्रामीण विकास प्रशिक्षण केन्द्र के पीछे अतरमुडा रायगढ़ में और वाट्सअप नंबर 7974942078 पर भी सभी दस्तावेज भेजकर पंजीयन करा सकते हैं। प्रशिक्षण कार्यकम के लिये 35.35 सीट निर्धारित है। एसबीआई आरसेटी रायगढ़ के वरिष्ठ समन्वयक श्रवण श्रीवास्तव ने बताया कि प्रशिक्षण में भाग लेने के लिये उम्र 18 वर्ष से 45 वर्ष एवं कम से कम आठवीं पास होना अनिवार्य हैं। प्रशिक्षणार्थी अपने साथ अंकसूची, आधार कार्ड, गरीबी रेखा राशन कार्ड, रोजगार गारंटी जॉब कार्ड, बैंक पासबुक एवं 05 रंगीन पासपोर्ट साईज का फोटो के साथ आवेदन करना होगा। प्रशिक्षण से संबंधित जानकारी 7974942078, 8656919787, 7999984982 में संपर्क कर सकते हैं।



# नेहरू युवा केंद्र में ब्लाक स्तरीय सघन मतदाता जागरूकता कार्यक्रम एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन

जोहार छत्तीसगढ़-लैलूंगा।



रायगढ़ जिले के युवा अधिकारी चन्द्र भूषण चौबे के मार्गदर्शन में एवं नेहरू युवा केन्द्र लैलूंगा ब्लाक प्रभारी रमेश चौहान, चंदन पटेल के नेतृत्व एवं मुख्य अतिथि हाई-टेक कम्प्यूटर के डायरेक्टर कमलेश कुमार नायक एवं कम्प्यूटर शिक्षक चनेश पटेल के उपस्थिति में सघन मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें मतदान जागरूकता के प्रति लोगों को जागरूक किया जा रहा है जिसमें मतदान जागरूकता के तहत रंग-बिरंगी रंगोली बनाई गई। जिसमें मतदान जागरूक के विभिन्न प्रकार के छायाचित्र रंगोली बनाई गई। जिससे भारत देश का हर व्यक्ति अपना मतदान एक नागरिक का अधिकार है साथ ही यह एक कर्तव्य भी है मतदान के माध्यम से हम अपने देश के भविष्य को आकार देते हैं एक मतदान से सरकारें बदल सकती है देश का विकास हो सकता है और समाज में बदलाव आ सकता है देश का विकास हो सकता है और समाज का में बदलाव आ सकता है। इसलिए सभी नागरिकों को अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए और अपने देश के विकास में योगदान देना चाहिए। मतदाता जागरूकता इसलिए किया जाता है हम सभी नागरिकों को अपने मताधिकार के महत्त्व के बारे में जागरूक कर रहे हैं। जिससे अपना अहम् और कीमती वोट अवश्य दें। नेहरू युवा केंद्र रायगढ़ द्वारा लैलूंगा ब्लाक के हाई.-टेक कम्प्यूटर के पास स्थित भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में रंगोली प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें हाई.टेक कम्प्यूटर के युवा साथियों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया जिसमें ग्रुप प्रथम स्थान प्राप्त पर ज्योति पटेल, रामप्यारी एवं ग्रुप द्वितीय स्थान पर रेखा प्रधान,आशा गुप्ता कंचन सिदार एवं ग्रुप तृतीय स्थान पर नीलम भोय,पायल चौहान, वसुंधरा चौहान प्राप्त की एवं अन्य प्रतिभागियों ने भी अपनी अच्छी प्रतिभा दिखाई जिसमें ज्योति गुप्ता, पिंकी यादव, लक्ष्मी भगत, अनुसुइया यादव, कलावती पैंकरा,सुषमा भगत, बिंदिया, भाग्यश्री, पायल यादव, सोनिका नवनीत ने भाग लिया। सभी प्रतिभागियों ने बहुत अच्छी रंगोली बनाई।विजेता प्रतिभागियों को अंत में नेहरू युवा केन्द्र का शील्ड से सम्मानित किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए

सभी प्रतिभागियों एवं अतिथियों को स्वल्पाहार देकर कार्यक्रम को सुचारु रूप से संपन्न किया।




# सतनामी सामूहिक आदर्श विवाह 7 अप्रैल को पहले से कर सकते हैं पंजीयन

जोहार छत्तीसगढ़-रायपुर।




सतनामी उत्थान एवं जागृति समिति पं.क्र.2718 द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी सतनामी समाज के तयशुदा जोड़ों के लिए सामूहिक आदर्श विवाह का आयोजन 7 अप्रैल 2024, रविवार को सांस्कृतिक भवन न्यू राजेन्द्र नगर रायपुर में किया जा रहा है। समिति के प्रदेशाध्यक्ष जय बहादुर बंजारे ने अपील की है कि समय व खर्च की बचत करने तथा तामझाम व फिजुलखर्ची पर रोक लगाने के उद्देश्य से आयोजित इस वैवाहिक कार्यक्रम में आप अपने पुत्र-पुत्रियों का विवाह कराकर एक मिसाल प्रस्तुत करें। नियम व शर्तें रिश्ता तय हो चुके जोड़े वर-वधु की 2 रंगीन पासपोर्ट साईज की फ़ोटो। आयु के लिए जन्म प्रमाण पत्र या शाला प्रमाण पत्र की छायाप्रति,निवास के लिए राशन कार्ड बिजली बिल आधार कार्ड की छायाप्रति। वर.वधु की ओर से 10 का स्टाम्प पेपर पर रायपुर सामूहिक रायपुर फिजुल खरची का जोड़े की शपथ जोहार छत्तीसगढ़ पत्र सहमति पत्र,प्रारूप आवेदन फार्म के साथ प्राप्त होगा। पिता की सहमति पत्र माता पिता पालक 6, रिश्ता तय हो चुके जोड़े का प्रमाण पत्र प्रारुप आवेदन फार्म के साथ प्राप्त होगा। ग्राम के भण्डारी सरपंच,पार्षद द्वारा जारी किया हुआ। प्रत्येक जोड़े वर.वधू को विवाह पोषाक व श्रृंगार सामग्री समिति की ओर से दी जायेगी। पंजीयन हेतु संपर्क करें 99079 71178 99265 45355, 99267 44974कार्यालय, गुरु घासीदास कालोनी, न्यू राजेन्द्र नगर, रायपुर,वर.वधु को समिति की ओर से वैवाहिक प्रमाण-पत्र व यथासंभव उपहार स्वरुप सामग्री भेंट दी जायेगी। आदर्श विवाह सामाजिक रीति-रिवाज के अनुरुप पूरे विधी.विधान से सम्पन्न करवाया जायेगा। ,वर.वधु प्रत्येक पक्ष से 20-20 परिजनों को ही प्रवेश की अनुमति दी जायेगी। सभी जोड़ों व उनके अग्रिम पंजीयन व अधिक जानकारी के लिए सरजू प्रसाद घृतलहरे संरक्षक एबीआर बंजारे जय बहादुर बंजारे प्रदेश अध्यक्ष, दिनेश खुटे प्रदेश उपाध्यक्ष, ,पृथ्वीराज बघेल, सुश्री अंजली वरमाल,रमेश बंजारे,कृष्ण कुमार बरमाल,महेश घृतलहरे,महेश ढ़ीढ़ी, सुरेश कुर्रे,श्याम नारंग,अश्वनी बबलू त्रिवेन्द, डीडी. भारती,जितेन्द्र चेलक,पप्पू राजेन्द्र बंजारे, फूलचंद घृतलहरे इन सभी से संपर्क कर सकते है ।

# वित्तमंत्री ओपी चौधरी के निर्देश पर टैक्स चोरी करने वालों पर लगातार जारी कार्रवाई

दुर्ग में संचालित अवैध गुटखा फैक्ट्री में जीएसटी विभाग की दबिश



*** बड़ी मात्रा में गुटखा बनाने का कच्चा सामान और मिक्सर मशीन बरामद**

*** एक सप्ताह में जीएसटी विभाग ने कार्रवाई कर 8 करोड़ रुपए कराए जमा**

जोहार छत्तीसगढ़-रायपुर।

छत्तीसगढ़ राज्य जीएसटी के ई वे बिल जांच दल ने 1 मार्च को चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध वाहन का पीछा कर दुर्ग जिले के चंद्रखुरी में संचालित अघोषित गुटखा फैक्ट्री में कार्रवाई की। इससे पहले संदिग्ध वाहन चालक ने जीएसटी जांच दल को चकमा देने की पूरी कोशिश की और पहचान छिपाने के लिए पैकिंग मटेरियल को जला दिया। हालांकि जांच दल के सदस्य फिर भी गुटखा फैक्ट्री तक पहुंच ही गए। अवैध गुटका फैक्ट्री में बड़ी मात्रा में प्रतिष्ठित ब्रांड गुटखा कंपनियों के रैपर तथा गुटखे का कच्चा माल, सुपारी तंबाखू आदि बरामद गया है। फैक्ट्री में अवैध गुटका बनाने में इस्तेमाल की जा रही मिक्सर मशीन भी मिली है। यह फैक्ट्री कोमल फूड्स के नाम से संचालित थी। जीएसटी विभाग से मिली जानकारी के अनुसार इसी व्यवसायी के राजनांदगांव स्थित फैक्ट्री को भी जांच के दायरे में लिया गया है। यहां भी गुटखा निर्माण करने के साक्ष्य मिले हैं। गौरतलब है की वित्त एवं जीएसटी मंत्री ओपी चौधरी ने मोदी की गारंटी के अंतर्गत विकसित छत्तीसगढ़ बनाने और अगले पांच वर्षों में राज्य की जीडीपी को 10 लाख करोड़ रुपए पहुंचाने का लक्ष्य रखा है। गुटखा पान मसाला और तंबाखू उत्पादों पर जीएसटी का स्लैब सर्वाधिक है। टैक्स के अतिरिक्त इन पर सैस भी लगता है। इसलिए इनमे कर चोरी की आशंका भी अधिक रहती है। स्टेट जीएसटी की टीम लगातार इस तरह के मामलों पर नजर रख रही है। जीएसटी विभाग द्वारा इसी सप्ताह तीन और व्यवसायियों की जांच कर लगभग 8 करोड़ टैक्स जमा करवाया गया है। इन फर्मों में टैक्स की गड़बड़ी को आई टूल्स द्वारा फ्लेग किया गया था। इन सभी के द्वारा पिछले तीन सालों से आईटीसी क्लेम ज्यादा करते हुए टैक्स कम जमा किया जा रहा था। जांच के दौरान स्टॉक मे भी बड़ी मात्रा मे अंतर पाया गया।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक -**नारायण बाईन,** फोन -फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in